प्रकाशक—

सुमति सदन

जैन प्रेस, कोटा [राजस्थान]

मूल्यं १॥) सार्धैकरुप्यकम्

ई० सं० १९५८] वि० सं० २०१४

श्रीसूरीश्वर-शास्त्र-सागर-मणिः वादीभपञ्चाननः,

तं श्रीजैनविधौ गणे दिनमणिं ध्यायामि हृत्ध्वान्तहम् ।

हिन्द्यामागमसंप्रसार-मणिना प्रोद्धारि येन श्रुतं,

भव्यानामुपदेशदानमणये तस्मै नमः सर्वदा ।

यस्मात्प्रादुरभून्मणेः शुभविभा श्रीगौतमाद्वागिव,

वागीशानिव वादिनो जितवती वादेषु संवादिनः ।

शान्त्यापूर्णनिधेः मणेः समुदयो तत्त्वानि सम्यकदिशन्,

प्रयच्छन् सुधियं परां शुभमणौ लीनं मनो नोऽवतात् ।

चारुचरणचंचरीक-

विनय.

दो शब्द

विरह को शृंगार-शैल का उच्चतम शृंग कहा जाय तो अत्युक्ति न होगी। यही कारण है कि शृंगारी कवि विरह-काव्य में जितने सफल हुये हैं उतने अन्यत्र नही। हमारे साहित्य में तो विरह ने एक ऐसा अद्वितीय स्थान प्राप्त किया है कि लोक-गीतो से लेकर खण्डकाव्यो तथा महाकाव्यो तक इसके चित्रण में जितनी पूर्णता एव प्रवीणता दिखलाई पडती है उतनी शायद ही किसी दूसरे काव्य-विषय मे मिले।

यो तो अनेक विरह-काव्य लिखे गये, परन्तु कालिदास के मेघदूत ने जो ख्याति और लोकप्रियता प्राप्त की वह अन्य किसी को न मिली। आज इस ग्रन्थ पर ४० से अधिक टीकायें मिलती हैं, अनेक कवियो ने इसके अनुकरण पर स्वतत्र काव्य रचे, बहुतो ने समस्यापूर्ति के ढग पर इसका अनुकरण किया—ये सब बातें मेघदूत की सफलता को प्रमाणित करने के लिये पर्याप्त हैं।

कवि-कुल-भूषण कालिदास की इस अमर कृति के आधार पर ही प्रस्तुत काव्य नेमिदूत की रचना हुई हैं। मेघदूत के प्रत्येक पद के अन्तिम चरण को लेकर कवि ने समस्या-पूर्ति करते हुये १२५ पदो में श्रीनेमिनाथ जी के चरित्र की एक घटना को गाया है। विवाह-काल में ही वैराग्य हो जाने से अपनी पत्नि राजीमती को परित्याग कर भगवान् पर्वत शिखर पर आकर योगासक्त होजाते हैं, उधर राजीमती विरहाकुल होकर व्यथित होती है और अन्त में अपने स्वामी की शरण मे आकर अपनी विरह-कथा प्रस्तुत करती है। यही इस काव्य का विषय है। समस्या-पूर्ति के बन्धन में रहते हुये भी कवि ने जिस उत्कृष्ट काव्य की सृष्टि की है वह अत्यत प्रशसनीय है।

नेमिदूत के लेखक कोई विक्रम नामक कवि हुये हैं। ये कहां के रहने वाले थे, इनका जन्म कब हुआ और इन्होंने इस काव्य की रचना कब और कहा की— इनका अथवा ऐसे ही और प्रश्नो का उत्तर अभी तक नही दिया जा सका है। इसी काव्य के १२६ वें श्लोक के 'सांगणस्याङ्गजन्मा'

को लेकर इनके पिता का नाम 'सांगण' बताया जाताहै। मूल की कितनी ही प्रतियो में सागण के स्थान पर 'झांझण' मिलता है, किन्तु काव्य की पुरातन प्रतियो एव टीका के आधार पर सागण ही ठीक प्रतीत होता है। अस्तु इस कवि के सम्बन्ध में विद्वद् समाज में ३ मत स्थिर किये गये हैं.—

१—जैन साहित्य महारथी मोहनलाल द देशाईजी के "जैन साहित्यनो सक्षिप्त इतिहास" में एंव छोटालालजी द्वारा लिखित "जैन मेघदूत की प्रस्तावना" मे इस कवि को सागण सुत मानकर गुर्जर महाकवि ऋषभदास का भ्राता माना गया है।

२—प० नाथूरामजी प्रेमी ने अपने "जैन साहित्य का इतिहास" में खभात शिलालेख को देखकर यशकीर्ति—सहस्रकीर्ति की कीर्तिशाखा और हुम्वड ज्ञाति को देखकर इस ग्रथकर्ता को १४ वी शती का दिगम्बर कल्पित किया है।

३—मुनि—विद्याविजयजी ने नेमिदूतपद्यानुवाद की प्रस्तावना में उसे १२ वी शती के कर्णावती के मंत्री सांगण का पुत्र कहा है।

किन्तु मेरे प्राप्त साधनो द्वारा ये तीनो मत ठीक नही प्रतीत होते हैं। अत विद्वानो के विचारार्थ में अपना मत सक्षेप में यहाँ देता हू। अपने पूज्य गुरुदेव श्रीजिनमणिसागरसूरिजी म० के साथ भ्रमण करते हुए मुझे मूल काव्य की २ प्रतिया प्राप्त हुई, जिनमे से-कि एक तो१५१६ की लिखित हैं और दूसरी सोलहवी सदी की। और एक प्रति अजमेर मे ढड्ढाजी के सग्रह में देखने को प्राप्त हुई। यह १४७२ की लिखी हुई है। जब मूल की ३ तीनो प्रतिया १५ और १६ वी सदी लिखित प्राप्त हैं, तब काव्यकर्ता १७ वी सदी में कवि ऋषभदास का भाई कैसे हो सकता है ?

दूसरे, खरतरगच्छालंकार युगप्रधानचार्य गुर्वावलि (जो कि १४ वीं शती उत्तरार्द्ध की रचना है) मे जिनपतिसूरिजी के शिष्य श्री जिनेश्वरसूरिजी ने स० १२८५ से १३३० तक लगभग १२-१५ शिष्य कीर्तिनंदी के दीक्षित किये थे जिनमें यशकीर्ति का उल्लेख प्राप्त है। इस के

अतिरिक्त एक वात और है कि इसी गुर्वावलिमें स० १३२६ श्रीजिनेश्वरसूरिजी की अध्यक्षता में जो यात्रार्थ सघ निकला था वह क्रमश यात्रा करता हुआ खभात पहुंचा था। वहा मदिरजी मे पूजा–माला की वोलियें हुई थी, उसमे सागण सुतने द्र० ८ में **चमर धारक** पद धारण किया था। *

तीसरे, जिख हुम्बड ज्ञाति को देखकर कवि को दिगवर वतलाया गया है वह हुम्वड जाति श्वेताम्वरो मे भी होती है। और आज भी मालवदेश-स्थ प्रतापगढ में लगभग ७५ घर हुम्वड ज्ञाति के है, वे सब श्वेताम्वर ही हैं। और पूर्व भी १२वी शती के युगप्रधान दादा पदधारक श्रीजिनदत्तसूरिजी म० भी श्वेताम्वर हुम्वड ज्ञाति के ही थे।

चौथे, जो प्रथम प्रति स० १४७२ की लिखी है, केवल उसी में **मन्त्री** विक्रम ऐसा शव्द सूचित कियाहै, जोकि मेरे विचार में **मणिधारी जिनचंद्र-सूरि** प्रतिवोधित मत्रिदलीय ज्ञाति होनी चाहिये, क्योकि मत्रिदलीय ऋद्धि-मन्त श्रेष्ठियो का **'मंत्रि'** विशेषण रहा करता था। अतएव इनका भी मन्त्रि-दलीय होने के कारण मन्त्रि विशेषण रहा होगा।

इस प्रकार हम देखते-हैं कि कवि विक्रम न तो ऋषभदास के भाई थे, और न हुम्बड ज्ञातीय दिगम्वर ही थे, एव न उनके गुरू ही दिगम्वर थे, किन्तु खभात के रहने वाले १४वी शती के श्वेताम्वर एव खतरगच्छा-धीश श्री जिनेश्वरसूरि के भक्त श्रावक थे। अस्तु

मुनि श्री विद्याविजयजी म ने जिस आधार पर कवि को १२वी सदी का कर्णवती का मन्त्री लिखा है, इसका समाधान करने की आवश्यकता नही, क्योकि उन्होने अपने मत को स्वय ही वदल दिया था।

इस कवि द्वारा रचित अन्य कोई भी साहित्य ग्रन्थ उपलब्ध नही है। किन्तु यही एक काव्य उनकी कीर्तिध्वज रक्षित करने के लिए पर्याप्त हैं।

इस काव्य पर उ **गुणविनय** गणिजी की वृत्ति के अतिरिक्त कोई भी वृत्ति प्राप्त नही है। केवल गणिजी ने इस काव्य की १४ श्लोक की टीका में

---

* श्रीस्तम्भनक महातीर्थे द्र० ८ प्रतीहारपद सांगणपुत्रेण।

'इत्यवचूर्णो' ऐसा शब्द सूचित किया है, जिससे स्पष्ट है कि उस समय एक अवचूर्णि अवश्य उपलब्ध थी। वह किन्ही भण्डारो में दीमक का ग्रास बन गई होगी या नष्ट हो गई होगी।

टीकाकार गुणविनय का परिचय श्रीअगरचन्द्रजी नाहटा लिखित प्रस्तावना में दिया जा रहा है।

नेमिदूत पद्यानुवाद के कर्त्ता श्री मन्महारावजी श्री हिम्मतसिंहजी 'साहित्यरंजन' मेवाड के अन्तर्गत चम्बल नदी के तट पर स्थित भैंसरोड़गढ़ के ठाकुर हैं। एव इतिहास प्रसिद्ध चूड़ावत वश के हैं। हिन्दी साहित्य के अच्छे सुयश स्याता कवि हैं। आपने खडी बोली मे प्रसिद्ध तीन काव्य रचे हैं। जिनके नाम—

१-महिषासुरवध, २-शनिश्चर कथा, ३-नेमिदूत पद्यानुवाद।

आप दयालु सहृदय, प्रेमी और मत-मतान्तरो के सम्बन्ध में समभाव को धारण करने वाले हैं। आपने मुझे पद्यानुवाद इसी-ग्रन्थ के साथ प्रकाशित करने की अनुमति प्रदान की, इसलिए मैं आपका विशेष रूप से आभारी हू और हृदय से चाहता हू कि और भी वे खडी बोली में काव्य रचना करके साहित्य की उन्नति करे।

प्रति परिचय—

नेमिदूत मूल और टीका के सशोधन में मैंने निम्नलिखित प्रतियो से सहायता ली उसका वर्णन निम्नप्रकार है—

१—यह मूल काव्य की प्रति अजमेरस्थ ढड्ढाजी के सग्रह की है। उसकी प्रतिलिपि (मेरे द्वारा लिखित) मेरे सग्रह मे है। उस प्रति के ६ पत्र हैं, उसकी प्रशस्ति इस प्रकार हैं-

"इति मन्त्रिविक्रमविरचितं नेमिदूताभिधानं काव्यं समाप्तं। यादृशं पुस्तकं दृष्टं तादृशं लिखितं मया। यदि शुद्धमशुद्धं वा मम दोषो न दीयताम्॥ सं० १४७२ वर्षे श्रावण शुक्ल ६॥ श्री॥"

२—यह मूल काव्य की प्रति मेरे सग्रह की है। इसमें कुल ७पत्र हैं, प्रत्येक में १५-१५ पक्तिया हैं, एव प्रत्येक पक्ति में ५०-५० अक्षर हैं। उसके अत में लिखा है —

इति मेघदूतांत्यपादसमस्याविरचितं नेमिदूताभिधं काव्यं समाप्तम् । संवत् १५१६ वर्षे फाल्गुन–शुदि–दशमीदिने स्वपरश्रमणोपकाराय पं० महीकलशगणिशिष्येण लिखितं ।

(भिन्नाक्षरों में) ॥ संवत् १७०६ वर्षे भाद्रपदासितपञ्चम्यां श्रीविजयसिंहसूरिभिस्समर्पिता गुणविजयाख्यस्य, श्रीपत्तने प्रतिरियं ॥ शुभंभवतु ॥

३—यह मूल काव्य की प्रति भी मेरे सग्रह की है। लेखन सवत लिखा हुआ नही है किन्तु १६वी सदी के उत्तरार्द्ध की प्रतीत होती है। पत्र ६ हैं।

मूल की इन तीनो प्रतियो में न १-२ तो बहुत ही शुद्ध लिखित हैं, किन्तु ३ में अशुद्धियो का वाहुल्य है। अत सशोधन में न० १-२ का ही सहयोग विशेष है। इनमे मूल का पाठ भी टीकाकार के मत से एव न १ के अनुसार ही रक्खा गया है।

४—यह टीका की प्रति अगरचन्द नाहटा द्वारा प्रेपित साहित्य प्रेमी श्रीयुत मोतीचन्द्रजी खजान्ची (वीकानेर) के सग्रह की है। इसमें भी लेखनसवत् नही लिखा है। टीकाकार उ गुणविनय गणि (स्वयमेव) लिखित ही है। पत्र २ से १२ हैं, प्रथम पत्र नष्ट हो गया। प्रत्येक पत्र मे २०—२० पक्तिया, एव प्रत्येक पक्ति में ५० से ६७ अक्षर तक दृष्टिगोचर होते हैं।

५—यह टीका की प्रति भी नाहटाजी द्वारा प्रेपित यतिवर्य्य महोपाध्याय रामलालजी बीकानेर के सग्रह की है। पत्र २५ हैं। प्रत्येक पत्र में १८पक्तियाँ, एव प्रत्येक पक्ति में ५२अक्षरहैं। लेखन पुष्पिका इस प्रकार है-

सवत १९५३ आश्विनमासे शुक्ल पक्षे तिथौ नवम्या गुरुवासरे प्रथम-यामे लिखित धनरूपसागरेण। श्रीजिन प्रसादात्। शुभम् ।।श्रीपालिमध्ये।।

टीका की दोनो प्रतियो में न ४ वाली स्वयलिखित होने के कारण स्वयं ही शुद्ध है। इसीलिए इसी पर से सशोधन किया गया है और कहीं पर न ५ से सहायता भी ली गई है। न ५ की टीका वाली प्रति न तो अत्यन्त शुद्ध ही लिखित है, और न अत्यन्त अशुद्ध ही है। मध्यम है।

मूल की तीनो प्रतियो एव टीका की दोनो प्रतियो के पाठान्तर नोट किए थे, किन्तु प्रेस में सामग्री के अभाव के कारण प्रस्तुत न कर सका।

आभार प्रदर्शन

इस काव्य के सशोधन कार्य में मेरे गुरुभ्राता मुनि गुणचन्द्रजी ने और वेदान्ताचार्य प गोवर्धनजी शर्मा शास्त्री ने सहयोग प्रदान किया। श्रीयुत अगरचन्द जी नाहटा ने मेरे कथन को स्वीकार कर टीका की दोनो प्रतियाँ भेजी एव प्रस्तावना लिखी। डा फतहसिहजी एम. ए, बी टी, डी लिट्, प्रोफेसर कोटा वालो ने मेरे आग्रह को स्वीकारकर प्रस्तावना लिखकर भेजी और गणिवर्य्य श्रीमन्बुद्धिमुनिजी म ने शुद्धिपत्र लिखकर भेजा। एतदर्थ मैं इन विद्वानो का अत्यन्त ही आभारी हू और आशा करता हू कि भविष्य में भी मुझे साहित्य के कार्य में सहयोग प्रदान करते रहेंगे।

प्रूफ सशोधन यथाशक्ति सावधानी से किया गया है, फिरभी दृष्टिदोष से एव प्रेस की असावधानी से जो अशुद्धिया रह गई हैं, उनको विद्वज्जन सुधार कर पढने की कृपा करें। इत्यलम्—

चै शु चन्द्रे २००४ — सम्पादक

केकड़ी

नेमिदूत का काव्यत्व

नेमिदूत की वस्तु जैनियों के बाईसवे तीर्थङ्कर श्री नेमिनाथ के जीवन से ली गयी है। द्वारिका के यदुवंशी राजा समुद्रविजय श्रीकृष्ण के पिता वसुदेव के भाई थे। इन्हीं के ज्येष्ठ पुत्र श्री नेमिनाथजी बचपन से ही विषयपराङ्मुख थे। जब श्री कृष्ण ने आपका विवाह राजा उग्रसेन की पुत्री राजमती से करना निश्चित कर लिया, तो आपने उनके आदेश को न टाला और बरात में जाना स्वीकार कर लिया। परन्तु, जब बरात पहुंचती है और श्री नेमिनाथ जी देखते हैं कि एक बाड़े के भीतर बहुत से निरीह पशु बरातियों के भोजनार्थ एकत्र किये गये हैं, तो उनका करुणार्द्र हृदय द्रवित हो जाता है और वे रक्त-रञ्जित भोगों को सदा के लिये छोड़कर गिरिनार पर्वत पर योगाभ्यास और तपश्चर्या में लग जाते हैं। इस पवित्र प्रयत्न से उन्हें कोई न डिगा सका—न बन्धु बांधवों का मोह, न त्रैलोक्यसुंदरी राजीमती का रूप और न पिता का आदेश, क्योंकि निरीह प्राणियों की वधकालीन कातर वाणी की कल्पनामात्र से जो करुणा उनके हृदय में उमड़ी, उसके सामने ये सब बन्धन तुच्छ थे।

श्री नेमिनाथ के परित्याग करने पर भी राजीमती भला उन्हें कब छोड़ने वाली थी, वह तो उनको अपने मनमंदिर मे पति रूप में स्थापित कर चुकी थी। अतः उस विरह-विधुरा ने अपने देव को पुन. प्राप्त करने के कई प्रयत्न किये—वृद्ध ब्राह्मण को उनका कुशल समाचार लेने श्रीनेमि की तपोभूमि को भेजा (१०७) और

फिर पिता की आज्ञा लेकर स्वयं वहां एक सखी के साथ पहुंच कर अनुनय-विनय करती हुई अपने विरह-दग्ध हृदय की भावनाओं को एक प्रलाप-रूप में व्यक्त करने लगी, (२-७८) उसके इस प्रयत्न को असफल देखकर सखी ने राजमती के पति-प्रेम, विरह-व्यथा, स्वप्न-प्रलाप आदि का वर्णन (८८-१२३) करते हुये श्री नेमि से कहा:—

राजीमत्या सह नवघनस्येव वर्षासु भूयो,
मा भूदेवं क्षणमपि च ते विद्युताविप्रयोगः ।

"जैसे वर्षा ऋतु में नवघन से चपला का वियोग नहीं होता, उसी प्रकार राजमती से तुम्हारा अब क्षण भर के लिये भी पुनः वियोग न हो ।"

सखी सहित राजमती के इन प्रयत्नों का वर्णन ही प्रस्तुत काव्य का विषय है ।

नामकरण

इस काव्य के नाम को देखकर ऐसा लगता है कि इसमें श्री नेमि ने दूत का काम किया होगा अथवा उन्होंने कोई दूत बनाया होगा, परन्तु वस्तुतः ऐसी बात नहीं है । श्री प्रेमीजी लिखते हैं— "यह मेघदूत के ढंग का काव्य है और मेघदूत के ही चरण लेकर इसकी रचना की गई है । शायद इसीलिये इसे नेमिदूत नाम मिल गया है न इसमें नेमिनाथ दूत बनाये गये हैं और न उनके लिये कोई दूसरा दूत बनाया गया है ।" यद्यपि यह बात सही है, फिर भी यह बात विचारणीय है कि 'मेघदूत' में जो दूत-कर्म मेघ-द्वारा संपादित हुआ है, लगभग वही अथवा वैसा ही कर्म यहां राजमती तथा उसकी सखी के द्वारा कराया गया है । परन्तु, इन दोनों के कथनों में यदि दौत्य देखा जाय, तो यही कहना पड़ेगा

कि यह सारा ही राजमती के लिये है और इसीलिए प्रेमीजी के शब्दों में, "इस काव्य का 'राजमती-विप्रलम्भ' या 'राजमती-विलाप अथवा ऐसा ही और कोई नाम अन्वर्थक होता; परन्तु अन्तिम श्लोकों से इसमें नेमिनाथ को प्रधानता प्राप्त हो गई है"

मेरी समझ में नेमिनाथ की इस प्रधानता में काव्य के नाम-करण का रहस्य छिपा है। उन्होंने उस पर्वत पर स्वयं 'केवल ज्ञान' प्राप्त किया और राजमती से सांसारिक भोगों को छुड़वाकर उसे शिवपुरी में 'अभिमतसुख शाश्वत आनन्द' का भोग करवाया:—

श्रीमान् योगादचलशिखरे केवलज्ञानमस्मिन्,
नेमिर्देवोरगनरगणैः स्तूयमानोऽधिगम्य ।
तामानन्दं शिवपुरि परित्यज्य संसारभाजां,
भोगानिष्टानभिमतसुखं भोजयामास शश्वत् ॥१२५॥

इससे स्पष्ट है कि राजमती और उसकी सखी के कथनों का परिणाम यह हुआ कि श्रीनेमि ने राजमती को अपने पथ—आनन्दोन्मुख निवृत्ति-मार्ग—का पथिक बनाया। और राजमती आई भी किसलिये थी? सचमुच उसे ऐहिक सुख की चाह न थी, यदि ऐसा होता तब तो वह उस वैभव को छोड़कर अपने शरीर को दुःखसागर में न डुबाती जैसा कि उसकी सखी के वचनों से प्रकट है। वह जानती है कि जन्म-जन्मान्तर के कर्म किस प्रकार बन्धन में डालते हैं, अतः वह चाहती है कि उसे श्रीनेमि के संयोग से 'चिर-सुख' शाश्वत आनन्द मिलेः—

दुःखं येनानवधि बुभुजे त्वद्वियोगादिदानीं,
संयोगात्तेऽनुभवतु सुखं तद्वदुर्मे चिराय ।
यस्माज्जन्मान्तरविरचितैः कर्मभिः प्राणभाजां,
नीचैर्गच्छत्युपरि च दशा चक्रनेमिक्रमेण ॥११७॥

अत स्पष्ट है कि उक्त दौत्य का जो परिणाम था, वही उद्देश्य भी था, राजमती के कथन मे जो सांसारिक सुखों की ओर श्रीनेमि को ले जाने का प्रयत्न है; वह केवल विरहिणी का प्रलाप है, वास्तविक उद्देश्य तो सचेत सखी ही कह सकती थी।

इस विवेचन को ध्यान मे रख कर, क्या यह नही कहा जा सकता कि उक्त दौत्य कर्म मे श्रीनेमि के ही उद्देश्य की पूर्ति थी और उन्होंने राजमती को पत्नी रूप मे ग्रहण न करने पर भी आनन्द पथ की संगिनी के रूप मे ग्रहण करना निश्चित कर लिया था जिसके लिये ही 'अदृष्ट' शक्तिया राजमती को तैयार करके लाई थीं—नेमिनाथ के दूतों ने इस प्रकार अदृश्य रूप मे उनका संदेश राजमती तक पहुंचाया था। सचमुच यह विचित्र दूतकर्म था, पर था अवश्य। अत. श्री प्रेमी जी का यह कथन ठीक है कि इसका 'नेमिचरित' नाम बहुत सोच समझ कर रक्खा गया है।"

नेमिदूत और मेघदूत

जैसा कि नेमिदूत के अन्तिम पद से प्रकट है, नेमिदूत की रचना समस्या-पूर्ति के ढग पर हुई, जिसमें मेघदूत के प्रत्येक पद के अन्तिम चरण को एक समस्या माना गया है —

सद्भूतार्थप्रवरकविना कालिदासेन काव्या-
दन्त्यं पाद सुपदरचितान् मेघदूताद् गृहीत्वा ।
श्रीमन्नेमेश्चरितविशदं साङ्गणस्याङ्गजन्मा,
चक्रे काव्यं बुधजनमनः प्रीतये विक्रमाख्यः ॥१२६॥

इस प्रकार नेमिदूत मे मेघदूत के १२५ पदों का उपयोग किया गया है, परन्तु मेघदूत की जो पद सख्या मिली है, उसमे मुख्य मुख्य निम्नलिखित है—

जिनदास	(८ वीं या ६ वीं शताब्दी)	१२० पद
वल्लभ	(१२ वीं ,,)	१११ ,,
दक्षिणावर्तनाथ	(१३ वीं ,,)	११० ,,
मल्लिनाथ	(१५ वीं ,,)	१२१ ,,
स्थिरदेव	(१२ वीं ,,)	११२ ,,

इसमे से मल्लिनाथी सस्करण मे पदों की संख्या सब से अधिक (१२१) है, परन्तु इनके आगे अन्त में पांच पद और पाये जाते हैं. जिनको प्रक्षिप्त समझा जाता है और जिन पर मल्लिनाथ की टीका नही मिलती। यहाँ पर ध्यान देने की बात यह है कि इन्ही अन्तिम पाचों में वे दो पद भी हैं, जिनके चरणों को लेकर नेमिदूत के १२३ वें और १२५ वें पदों की रचना हुई है और नेमिदूत को नेमिदूतत्व प्राप्त हुआ है। वास्तव में इन दोनों को प्रक्षिप्त मान लेने पर काव्य अधूरा रह जाता है, जैसा कि इन दोनों❀ के अन्तिम चरणों से प्रकट है, इन्ही दो मे वियोग संयोग में और दुःख सुख में परिवर्तित होकर 'अभिमत फल' की प्राप्ति कराता है। इनके विना विरह–व्यथा शान्त नहीं होती और काव्य दुःखान्त ही रह जाता है, जो चाहे वर्तमान समालोचकों को रुचिकर भले ही हो, परन्तु भारतीय–परंपरा के विरुद्ध है।

इसके अतिरिक्त, जैसा कि अन्यत्र × प्रतिपादित किया जा चुका है, भारतीय प्रवन्ध–काव्यों में लौकिक और पारलौकिक, भौतिक तथा आध्यात्मिक का समन्वय कराने की प्रथा चली आ

❀ इन दोनो के अन्तिम चरण ये है —

(१) केषा न स्यादभिमतफला प्रार्थना ह्युत्तमेषु ॥

(२) भोगानिष्टानभिमतसुख भोजयामास शश्वत् ॥

× देखिये लेखककृत "कामायनी सौन्दर्य्य"

रही है। रवीन्द्रनाथ ठाकुर ने मेघदूत पर लिखते हुये लिखा है—
"इसमें से प्रत्येक निर्जन गिरिशृंग पर अकेला खड़ा होकर उत्तर की ओर देख रहा है। बीच में आकाश, मेघ और सुन्दरी पृथ्वी के सुख-सौन्दर्य्य-भोग-ऐश्वर्य की चित्रलेखा के स्वरूप, रेवा, सिप्रा, अवन्ती, उज्जयिनी वर्त्तमान हैं। ये सब मन में स्मृति जगा देते हैं, पर पास में पहुंचने नहीं देते; आकांक्षा का उद्रेक करते है पर उनकी निवृत्ति नहीं करते। दो मनुष्यों के बीच मे इतना अन्तर ?

"किन्तु यह बात मन में उठती है कि किसी समय हम लोग एक ही मानस लोक मे थे, पर अब वहाँ से निर्वासित हो गये हैं। इसी से एक कवि ने गाया है—

"हृदय-पटल से बरबस बाहर किया तुम्हें अब किसने रे।"

केवल यही नहीं। वैदिक परम्परा के अनुसार अनेक पर्व (संयोजक अंग) होने से पिण्डाण्ड और ब्रह्माण्ड पर्ववान या पर्वत कहलाता है, रमणीय (भोग्य) होने से इसे 'रामपर्वत' कह सकते हैं। यही "अष्टचक्र, नवद्वारा देवपुरी अयोध्या" को यक्ष (जीव) मानों निर्वासित हुआ सा रहता है। है तो वह अकेला ही, परन्तु उसमें पंचकोष, तीनपुर, दशइन्द्रिय-स्थान आदि अनेक आश्रम (आश्रय स्थान) हैं जिनमें वह निवास करता है—स्निग्धच्छाया तरुपु वसतिं चक्रे रामगिर्याश्रमेषु। यों तो वह भोगों मे फंसा हुआ अपनी दूरस्थ प्रिया को भूला रहता है, परन्तु ग्रीष्म (शम, दम, संयम आदि तपस्या) में तपने के पश्चात् जब आषाढ (सदाचार) के प्रथम दिवस (प्रमुख दीप्ति) पर मेघ (मन) आश्लिष्टसानु (उन्नत) होता है, तब 'प्रिया' की विशेष याद आती है और उसकी ओर मेघ (मन) दूत जाता है। इसके मार्ग में 'अन्नरसमय' से लेकर 'मनोमय' जगत् तक के अनेक भोग पड़ते हैं, इन्हीं का वर्णन 'पूर्वमेघ' में नदियों, नगरों आदि के प्रतीकों द्वारा किया गया है। 'मनोमय' जगत् पार करके 'विज्ञानमय' जगत् आता है,

यही 'उत्तरमेघ' की अमरावती है, जहां योगी को 'सोऽहं' की अनुभूति होती है:—

सोऽहमित्यात्तसंस्कारस्तस्मिन् भावनया पुनः

इस रूपक की वास्तविक पूर्ति तभी होती है, जब यक्ष अपनी प्रिया से मिल जाता है, जब 'सोऽहं की अनुभूति प्राप्त हो जाती है। इसीलिये अन्तिम दो पदों मे दोनों का मिलन दिखा दिया गया है। संभवत दो पदों में कथा एक दम शीघ्रता से समाप्त होने तथा इतना सहसा मिलन होने के लिये आलोचक के तैयार न होने से वे उसे प्रक्षिप्त मानते हैं। ऐसे लोगों को भारतीय साहित्य की विशेषता— विशेष रवीन्द्र बाबू के निम्न लिखित शब्द याद रखने चाहिये—महाभारत में यही बात है। स्वर्गारोहण पर्व मे ही कुरुक्षेत्र के युद्ध को स्वर्ग लाभ होगया। कथाप्रिय व्यक्तियों को जहां कथा-समाप्ति रुचिकर होती, वहाँ महाभारतकार नहीं रुके, इतनी बड़ी कहानी को धूल के बने घर की भांति वे एक क्षण मे छिन्न-भिन्न कर आगे बढ़ गये। जो संसार से विरागी हैं और कथा-कहानियों को उदासीन भाव से देखते हैं, उन्होंने ही इसके भीतर से सत्य का भी अनुसंधान किया, वे क्षुब्ध नहीं हुये।" बिलकुल यही बात मेघदूत के लिये कही जा सकती है।

यही कारण है कि जैन मनीषियों और महात्माओं ने मेघदूत के लेखक कालिदास को 'सद्भूतार्थप्रवर कवि' माना है और उसके अनुकरण पर जैन मेघदूत, नेमिदूत, शीलदूत, पार्श्वाभ्युदय आदि ग्रन्थ लिखकर न केवल सदाचार और संयम का आदर्श स्थापित किया अपितु परमार्थ-तत्त्व का भी निरूपण कर दिखाया और साथ ही काव्य की भाषा मे रखने से उसे सरसता भी प्रदान की। उक्त अन्तिम दो पदों की टीकाकारो द्वारा उपेक्षा होने का कारण केवल यही हो सकता है कि वे कवित्व की दृष्टि से उत्तम नहीं, केवल कथा उनमे द्रुतगति से छलांग मारती है। इसी कारण संभवतः ये

दोनों पद एक दृष्टि से आवश्यक होते हुये भी प्रायः भुला दिये गये और कालान्तर मे यदा-कदा उपलब्ध होने से प्रक्षिप्त माने जाने लगे।

नेमिदूत में अध्यात्म

नेमिदूत के ऐतिहासिक कथानक को भी आध्यात्मिक तत्त्व—निरुपण का माध्यम बनाया गया है, इसमें संदेह नहीं। परन्तु मेघदूत और नेमिदूत मे पर्याप्त अन्तर है; जहाँ मेघदूत का यक्ष अमरावती (स्वर्ग) मे स्थित निज पत्नी के लिये व्याकुल है, वहाँ नेमिदूत का नायक सारे भोगों को छोड़कर योगासक्त हो स्वयं 'केवल ज्ञान' प्राप्त करता है और अपनी शरण मे आई हुई राजमती को भी 'शाश्वत् आनन्द' की प्राप्ति करवाता है। जैन-धर्म के अनुसार तीर्थङ्कर में मानवता का वह आदर्श है, जिसे भगवत्तत्व कह सकते हैं और जो साधक के लिये एक मात्र साध्य है। अतः जब साधक (राजमती) नेमिनाथ के पास जाता है, तो वे पर्वत (पिण्ड के आध्यात्मिक जगत्) के उच्चतम शिखर (आनन्दमय कोश के उच्चतम स्तर) पर आसीन दिखाई पड़ते हैं, न कि मेघदूत के यक्ष की भांति केवल विभिन्न आश्रमों में वसते हुये:—

सा तत्रोच्चैः शिखरिणि समासीनमेनं मुनीशं,
नासान्यस्तानिमिषनयनं ध्याननिद्धं तदोषम् ।
योगासक्तं सजलजलदश्यामलं राजपुत्री,
वप्रक्रीडापरिणतगज-प्रेक्षणीयं ददर्श ॥ २ ॥

ऐसे महान् साध्य को प्राप्त करना सरल नहीं, उसके लिए अगाध-भक्ति की आवश्यकता है, जिसमें मान-मर्यादा, सुख-दुख आदि किसी की चिन्ता नहीं रहती, क्योंकि—

भक्ति का मारग झीना रे।
नही अचाह नही चाहत चरनन लौं लीना रे।
साधन के रस-धार मे, रहे निश-दिन भीना रे।
राग मे स्रुत ऐसे बने, जैसे जल मीना रे।
साई सेवन में देत सिर, कुछ विलम न कीना रे।
कहै कबीर मत भक्ति का, परगट कर दीना रे।

अत. नेमिदूत में राजमती की विरह-व्यथा मे साधक की तपस्या का रूपक समझना चाहिए। भक्त तो अपने लौकिक 'पत्रं-पुष्पं' को ही बहुत कुछ मानता है, अत वह भगवान के सामने उन्हीं को भोग्य रूप मे रखता है; राजमती द्वारिका आदि नगरियों, स्वर्णरेखा आदि नदियों तथा गंधमादन आदि पर्वतों के प्रतीकों द्वारा इन्हीं की ओर संकेत करती हैं, परन्तु 'शमसुखरतं' भगवान् द्वारा उन सबके ठुकराये जाने पर, वह अन्त में सब प्रयत्न छोड़कर पूर्ण आत्मसमर्पण करके एकमात्र भगवत्कृपा की अभिलाषिणी रह जाती है —

धर्मज्ञस्त्वं यदि सहचरीमेकचित्तां च रक्तां,
किं मामेवं विरहशिखिनोपेक्ष्यसे दह्यमानाम्।
तत्स्वीकारात्कुरु मयि कृपां यादवाधीश बाला,
त्वामुत्कण्ठाविरचितपदं मन्मुखेनेदमाह ॥११०॥

नेमिदूत में रस

इस आध्यात्मिक पृष्ठभूमि में नेमिदूत का शृङ्गार अत्यन्त उदात्त और उत्कृष्ट हो जाता है। राजमती के विप्रलंभ का जन्म विवाहोपरान्त संभोग की आशा, अभिलाषा और संभावना के

विनाश से होता है, परन्तु इस वियोग की परिणति, सुखान्त होते हुए भी, साधारण शृङ्गारात्मक सभोग में न होकर शान्तरस में होती है, नायक-नायिका का मिलन शारीरिक भोगों के लिये नहीं, मोक्षसौख्य की प्राप्ति के लिये होता है —

चक्रे योगान्निजसहचरीं मोक्षसौख्यप्राप्तिहेतोः ।

भारतीय आदर्श के अनुसार सभोग साध्य नहीं है, वह तो एक प्रकार से तप्रेमय जीवन का पर्य्यायवाची बनकर अन्ततोगत्वा मुक्ति का साधन होना चाहिये। इसीलिये रामायण और महाभारत का रतिभाव अयोध्या के वैभव-पूर्ण वातावरण को छोडकर वन के कंटकों मे, अभिज्ञानशाकुन्तलम् तथा विक्रमोर्वशी का वियोग के श्वासोच्छ्वास मे, बुद्धचरित एवं भर्तृहरि शतक का वैराग्य मे और मीरा तथा गोपियों का भक्तिप्रवणता मे पनपता हुआ शमभाव सें परिणत होने की क्षमता प्राप्त करना चाहता है। रति-भाव की अभिव्यक्ति भारतीय साहित्य में तीन प्रकार से हुई है—(१) सभोग को ही साध्य मानकर जैसे दुष्यन्त-शकुन्तला मे (२) चिरन्तन प्रेम को ही साध्य मानकर, जैसे गोपियों और मीरा मे तथा (३) वैराग्य-बुद्धि या कर्त्तव्य-भावना से प्रेरित होकर, जैसे बुद्ध-चरित एवं कुमारसंभव मे। पहले प्रकार मे प्रेमी प्रेमान्ध होकर चलता है और ठोकर खाकर सँभलता है। दूसरे मे प्रेम का प्यासा प्रेमी समझता है कि—

मिलन अन्त है मधुर प्रेम का, और विरह जीवन है।
विरह प्रेम की जागृत गति है, और सुषुप्ति मिलन है॥

अतः वह चिरवियोग में ही मग्न रहता है। इस प्रकार की प्रेमाभिव्यक्ति लौकिक जीवन के लिये घातक है, अतएव इसका चित्रण केवल भक्त के जीवन में ही ठीक समझा गया है, क्योंकि अंत में उसका

परिणति भगवत्साक्षात्कार में होकर सुखान्त हो जाती है तीसरे प्रकार में प्रेमी भोग-बुद्धि की निस्सारता समझकर केवल कर्तव्य-भाव से संभोग में प्रवृत होकर निष्काम-भाव से कर्म करता हुआ मुक्ति की ओर अग्रसर होता जाता है अथवा विरक्त रहता हुआ अपने प्रेमी को शाश्वत सुख का आस्वादन कराता है।

नेमिदूत का शृंगार अन्तिम प्रकार का है। कुमारसंभव की भांति यहां भी नायक एक पर्वत-शिखर पर योगासक्त होकर बैठा है और नायिका अभिलाषा-हेतुक वियोग से व्यथित होकर उसके सामने खड़ी याचना कर रही है—वह इह-लोक के सौन्दर्य, ऐश्वर्य तथा आकर्षण का वर्णन करती है, नायक को कर्तव्यों का ध्यान दिलाती और यथासंभव उसमें संभोग—प्रवृत्ति जगाने का प्रयत्न करती है, परन्तु अंत में पार्वती के समान सारे वैभव, विलास और सौन्दर्य का तिरस्कार सा करती हुई सखी-मुख से अपने पवित्र-प्रेम तथा अनन्य-साधन से युक्त प्रवास-हेतुक विप्रलंभ का सजीव वर्णन करवाती है, जिसमें राजमती की अभिलाषा, चिन्ता, स्मृति, कृशता, व्याकुलता आदि के साथ-साथ उसके उद्वेग, प्रलाप, उन्माद, स्वप्न आदि दशाओं का अच्छा चित्रण किया गया है। पार्वती के समान राजमती की माता भी उसे समझाती-बुझाती है, परन्तु इससे उसकी व्यथा कम नहीं होती :—

> मातुः शिक्षा शतमलमवज्ञाय दुख सखीना—
> मन्तश्चित्तेष्वजनयदियं पाणिपंकेरुहाणि।
> हस्ताभ्यां प्राक् सपदि रुदति रुन्धती कोमलाभ्यां
> मन्द्रस्निग्धैर्ध्वनिभिरबला वेणिमोचोत्सुकानि ॥१०६॥

स्वप्न में कभी-कभी प्रिय-मिलन हो जाता है; बात करने की इच्छा से मुँह खोलती, परन्तु हाय! क्रूर कृतान्त को इतना भी सह्य नहीं है।

रात्रौ निद्रां कथमपि चिरात् प्राप्य याद्वसन्त,
लब्ध्वा स्वप्ने प्रणयवचनैः किंचिदिच्छामि वक्तुम् ।
तावत्तस्या भवति दुरितैं प्राक्कृतैर्मे विरामः,
क्रूरस्तस्मिन्नपि न सहते संगमं नौ कृतान्तः ॥११३॥

ऐसी अवस्था भी क्यों न हो ? काम-देव का उसपर कोप भी बहुत है, परन्तु इसका कारण वह स्वयं नहीं। जब वह श्री नेमि के तप को प्रलोभनों से भंग न कर सका, तब उसने अपना बदला बेचारी 'अबला' से लिया, ठीक है बेचारी पार्वती को भी तो यही सहना पड़ा था —

असह्यहुंकार-निवर्तितः पुरा
पुरारिमप्राप्तमुखः शिलीमुखः ।
इमां हृदि व्यायत पातमक्षिणो
द्विशीर्णमूर्तेरपि पुष्पधन्वनः ।

इस प्रकार की व्यथा और वेदना सुनकर 'प्राणि-त्राण-प्रवण-हृदय' श्री नेमिनाथ भला कैसे न पसीजते। उनका हृदय दया से द्रवीभूत होगया, परन्तु अर्थकाम परायण होने के लिये नहीं, अपितु धर्ममोक्ष के विस्तार के लिए, स्वयं नीचे गिरने के लिये नहीं राजमती कोअपने स्तर पर लाने के लिये —

तत्सख्योक्ते वचसि सदय-
स्तां सतीमेकचित्तां,
संबोध्येशः सभवविरतो
रम्य-धर्मोपदेशैः ।

अतः नेमिदूत में जो रस-विस्तार पाया जाता है, वह रीतिकालीन शृंगारियों तथा अर्थकाम परायण प्रगतिवादियों की आँख खोलने वाला होना चाहिये। भारतीय साहित्य में जिस शृंगार की महिमा है, वह ऐसे की ही, न कि इंद्रियलोलुपता बढ़ाने वाले विलासप्रधान शृंगार की। धर्म-मोक्ष की ओर जाने वाला ही शृंगार व्यक्ति के चरित्र को उदात्त बना सकता है, और मानव-व्यवहार में "रसो वै सः" को उतार कर मनुष्य-जीवन को सुन्दर, सत्य और शिव बनाता है। क्या हमारे साहित्य में शृंगार के इस आदर्श की पुनः स्थापना हो सकेगी ?

फतहसिंह,

एम ए., डी लिट.

प्रस्तावना

—:❀:—

भारतीय कवियो में महाकवि कालिदास सिरमौर हैं। उनकी सुललित रचनाओ ने परवर्ती अनेक कवियो को प्रेरणा देकर काव्य-निर्माण में अग्रसर किया। उनके काव्य में भी मेघदूत सबसे छोटा होने पर भी काव्य चमत्कृति में विलक्षण है। इसमे मेघ को दूत बनाकर महाकवि ने नायक का सवाद नायिका को प्रेषण कर अपनी अनोखी सूझ का परिचय दिया है। इस काव्य से प्रभावित होकर विभिन्न कवियो ने ६०-७० दूत काव्यो का सृजन किया है * एव कई सुकवियो ने तो इसी काव्य के अन्तिम एव समग्र चरण लेकर पादपूर्ति काव्यो की सृष्टि की है, जिनका परिचय आगे दिया जायगा। प्रस्तुत नेमिदूत भी उन्ही मे से एक हैं।

जैसा कि मैने इसी ग्रन्थमाला से प्रकाशित "भावारिवारण पादपूर्त्यादि स्तोत्रसग्रह" की प्रस्तावना में बतलाया है कि पादपूर्ति काव्यो के निर्माण का प्रारभ ही कविकालिदास के मेघदूत के समग्रचरण पादपूर्तिरूप 'पार्श्वाभ्युदय'×काव्य से हुई है। इसके रचयिता दि० आचार्य जिनसेन हैं, जिनका समय ९ वी शती है, अत जैन कवियो ने उससे अधिक प्रेरणा ली, यह स्वाभाविक ही है। उपलब्ध पादपूर्ति-काव्य साहित्य में जैन कवियो की रचनाओ की प्रधानता××इसका ज्वलन्त प्रमाण है। मेघदूत

१—देखें—सस्कृत में दूत काव्य साहित्य का निकास और विकास (प्र जैन सिद्धान्त भारतवर्ष २. अ. २)। दूत काव्य सम्बन्धी कुछ ज्ञातव्य बातें शीर्षक मेरा लेख वही भा. ३. कि. १.

२—दे० जैन साहित्य और इतिहास पृ. ५०४ से ९.

३—दे० मेरा "जैन पादपूर्ति काव्य साहित्य" शीर्षक" लेख. (प्र० वही भा. ३—कि० २—३

की पादपूर्ति रचनाओ को ही लीजिये। अभी तक ऐसी ९ रचनाओ का पता चला है जिनमें से सात जैन कवियो की हैं। पाठक की जानकारी के लिये यहाँ उनका सक्षिप्त परिचय दे दिया जाता है—

१–पार्श्वाभ्युदय—मेघदूत की समग्र पादपूर्तिरूप यह एक ही एव सर्व प्रथम काव्य है। आ जिनसेन ने ३६४ मन्दाक्रान्ता वृत्तो में भ० पार्श्वनाथ का चरित्र सुन्दर ढग से गुंफित किया है। इसके प्रत्येक श्लोक में मेघदूत के एक या दो चरण वेष्टित कर शृगार रस के काव्य को वैराग्य-शान्तरस मे परिणत कर कवि ने अपूर्व असाधारण विद्वता का परिचय दिया है। पादपूर्ति-काव्य रचना में कवि के पराधीन होने से दुरूहता एव नीरसता का आ जाना स्वाभाविक सा है पर प्रस्तुत काव्य उसका अपवाद है। इसको पढकर पाठक मौलिक काव्य जैसा ही रसास्वादन कर आनन्द विभोर हो जाता है। सस्कृत काव्यो में अपने ढग का यह एक अद्वितीय काव्य है। प्रस्तुत काव्य व्याख्या सह प्रकाशित हो चुका है।

अब जिन काव्यो का परिचय दिया जा रहा है वे सभी अन्त्य पादपूर्तिरूप हैं।

२–नेमिदूत—प्रस्तुत ही है इसका परिचय आगे दिया जा रहा है।

३–शीलदूत—बृहत्तपागच्छीय चरित्रसुन्दर गणि ने स० १४८४ (७ ?) खभात में इसकी रचना की। इसमें आ. स्थूलिभद्र का चरित्र वर्णित है। यशोविजय ग्रन्थमाला से यह प्रकाशित हो चुका है। इसके १२५ श्लोको में मेघदूत के अन्त्यचरण सन्निवेशित हैं।

४–चन्द्रदूत—खरतरगच्छीय कवि विमलकीर्त्ति ने स० १६८१ में इसकी रचना की। इसमे १४१ श्लोक हैं। कवि ने चन्द्र को

शत्रुञ्जय जाकर नाभेय (ऋषभदेव) जिनको वन्दना निवेदन करके भेजा है। इसकी एकमात्र प्रति मेरे अभय जैन सग्रहालय मे है। प० माधव कृष्ण शर्मा-(क्यूरेटर-अनूप संस्कृत लायब्रेरी बीकानेर) द्वारा अड्यार (?) लायब्रेरी पत्रिका में इसके ३०-३५ श्लोक प्रकाशित किये हैं।

५-**मेघदूत समस्या लेख**-अठारहवी शताब्दी के सुप्रसिद्ध विद्वान् उपाध्याय मेघविजयजी की १३० श्लोकात्मक यह रचना है। कवि ने मेघ द्वारा औरगाबाद से गच्छादिपति विजयप्रभसूरि को दीवबन्दर को विज्ञप्ति प्रेषणरूप में इसकी रचना स० १७२७ मे की है। आत्मानन्द सभा भावनगर से यह काव्य प्रकाशित हो चुका है।

६-**चेतोदूत**-चित्त को दूत बनाकर गुरुश्री के पास विज्ञप्ति प्रेषणरूप में इसकी रचना हुई हैं। रचना बड़ी मधुर एव प्रासादिक है, पर कर्त्ता का नाम नहीं। इसकी पद्य सख्या १२९ है, एवं उपर्युक्त आत्मानन्द सभा से प्रकाशित है।

७-**हंसपादाङ्कदूत**-विद्वद्वर नाथूरामजी प्रेमी के विद्वद्रत्नमाला के पृष्ठ ४६ में इसका उल्लेख हैं। विशेष परिचय ज्ञात न हो सका

मेघदूत के जैनेतर पादपूर्ति काव्यद्वय इस प्रकार है—

-**सिद्धदूत**-अवधूतरामयोगी ने स० १४२३ के माघ वदि १४ रेवातस्थ भट्टपुर में यशस्वी मल्लदेव के राज्य में व्यास श्रीचांग देव के कौतुहलार्थ इसकी रचना की। इसमे कैलाशस्थ ब्रह्मविद्या के पास छाया पुरुष को दूत नियुक्त कर भेजा गया है। यह भी मेघदूत के चतुर्थ पाद के पूर्तिरूप १३८ श्लोको में है। श्रीहेमचन्द्राचार्य-ग्रन्थावली पाटन के तृतीय ग्रथाङ्क रूप से सन् १९२७ में प्रकाशित है।

९——हनूमत्दूत—जोधपुर के आशुकवि पं० नित्यानन्दजी शास्त्री ने कुछ वर्ष पूर्व ही इसकी रचना कर वेंकटेश्वर प्रेस बम्बई से हिन्दी पद्यानुवाद सह प्रकाशित करवाया है।

अब नेमिदूत काव्य का सक्षिप्त परिचय करवाया जा रहा है।

नेमिदूत काव्य और उसके रचयिता

बाइसवे तीर्थंकर बालब्रह्मचारी भ० नेमिनाथ विवाह के भोजनोपलक्ष में एकत्र पशुओं की करुणावश राजीमती से विवाह नहीं करते हुए तोरण से रथ फेर गिरनार पर जाकर प्रव्रजित हुये। स्नेहवश सती राजीमती ने उनके समीप जाकर वापिस लौटने की विशेषरूप से प्रार्थना की। पर भ० नेमिनाथ ने उसे अस्वीकार करते हुए वैराग्यमय सद्बोध देकर दीक्षित कर उनको अपनी चिरसंगिनी बना लिया। उसी प्रसग को लेकर कवि ने प्रस्तुत काव्य की रचना मेघदूत के अन्त्यचरण के पादपूर्तिरूप में १२६ श्लोको मे की है।

इस काव्य का नामकरण कवि ने नेमिदूत न कर नेमिचरित्त ही किया प्रतीत होता है, पर केवल मेघदूत की पादपूर्तिरूप होने से उसकी स्मृति-सूचक दूतकाव्य न होने पर भी शीलदूतादि की भांति इसकी प्रसिद्धि नेमिदूत के नाम से हो गई प्रतीत होती है। निर्णयसागर प्रेस, बम्बई से काव्य-माला द्वितीय गुच्छक में मूलमात्र से यह प्रकाशित भी हो चुका है, एव उदयलाल काशलीवाल का हिन्दी अनुवाद भी पूर्व प्रकाशित है, पर यहां यह गुणविनय की वृत्ति के साथ प्रकाशित हो रहा है। प्रस्तुत वृत्ति की प्रति महो० रामलालजी के सग्रह में करीब १५ वर्ष पूर्व हमारे अवलोकन में आई थी, जिसका उल्लेख हमने अपने यु० जिनचन्द्रसूरि ग्रन्थ में किया था। इसकी प्रति अन्यत्र कही ज्ञात न होने से गतवर्ष हमने प० रामसागरजी मिश्र से इसकी प्रेसकॉपी तैयार करवाली थी, एव जैन सत्य प्रकाश के क्रमाक १२३ में इसका परिचय प्रकाशित करते हुए इसे 'जो प्रकाशित करना चाहे हमसे मगवाले', शब्दो द्वारा प्रकाशनकी प्रेरणा की

थी। तदनुसार प० अभयचदजी गाधी ने प्रकाशन का विचार व्यक्त किया था, पर वह न हो सकने से मुनि-विनयसागरजी की प्रेरणा से उन्हें भेज दी गई। इसके पश्चात् वृत्तिकार की स्वय लिखित प्रति कु० मोतीचन्दजी खजानची के सग्रह में होने का प० रामसागरजी से ज्ञात कर उन्हें वह प्रति भी भिजवादी। इस प्रति का प्रथम पत्र नहीं मिला, कुल पत्रों की सख्या १२ है। इस प्रति के मुख्य आधार से मुनि-विनयसागरजी इसे सम्पादित कर प्रकाशित कर रहे हैं। जिन रत्नकोष से अभी ज्ञात हुआ कि इसकी अन्य प्रति भी प्राप्त है।

नेमिदूत के रचयिता विक्रम कवि कब हुए किस वश व सम्प्रदाय के थे इत्यादि बातो को जानने के लिये कोई साधन उपलब्ध नहीं है। ग्रन्थ के अन्तिम श्लोक से उनका परिचय केवल "सांगणसुत विक्रम" इतना ही मिलता है। बीकानेर स्टेट लाइब्रेरी एव हेमचन्द्रसूरि पुस्तकालय की प्रति में विक्रम के स्थान पर भांभन शब्द है पर अधिकाश एव प्राचीन प्रतियो में विक्रम शब्द ही पाया जाता हैं, एव टीकाकार ने भी यही दिया है अत ग्रन्थकर्त्ता का नाम विक्रम ही होने में कोई सन्देह नहीं रह जाता। कुछ वर्ष पूर्व तक इस काव्य की प्राचीन प्रति का पता न होने से कई लोगो ने इन्हें १७ वी शताब्दि के गुजरात के श्रावक कवि ऋषभदास के भाई होने का अनुमान किया था, क्योकि उनके पिता का नाम भी सांगण था पर उनके समय के पहिले की लिखित प्रस्तुत काव्य की प्रतियो के उपलब्ध होने से वह अनुमान भ्रान्त सिद्ध हो चुका हैं। नेमिदूत की अनेक प्रतिया उपलब्ध होने से उनका प्रचार बहुत अधिक रहा विदित होता है। विद्वद्वर नाथुरामजी प्रेमी ने विद्वद्रत्नमाला एव जैन साहित्य और इतिहास ग्रथ में इनके दि० सम्प्रदायानुयायी होने का अनुमान किया है। पर जिस स० १३५२ के लेख के आधार से कल्पना की गई है, उस पर विचार करने पर वह भी समीचीन प्रतीत नही होती। कवि के वर्णित क्षेत्रज्ञान के वर्णन को देखते हुए उनका निवास स्थान गुजरात काठिया-वाड में ही सम्भव है।

प्रेमीजी ने इस काव्य का सुन्दर ढग से परिचय अपने जैन साहित्य और इतिहास के पृ० ४६१ से ६५ मे दिया है विशेष जानने के लिये जिज्ञासु पाठको को उसे देख लेना चाहिये।

कवि के समय निर्णय का निश्चित साधन अनुपलब्ध है, पर प्रस्तुत काव्य की प्रति स. १४७२ की उपलब्ध होने से उत्तरकाल १५ वी शताब्दी एव अन्य बातो पर विचार करने पर पूर्वकाल १३ वी शताब्दी अनुमानित है।

वृत्तिकार परिचय

महोपाध्याय गुणविनय के जीवन के सम्बन्ध मे साधनाभाव से हमारी कुछ भी जानकारी नही है। आप कहाँ के थे, किस वश के थे, माता-पिता का क्या नाम था, कब जन्म हुआ, दीक्षा कब ली, उपाध्याय पद कब मिला व स्वर्गवास कब एव कहाँ हुआ, और आपके उपदेश से क्या क्या धर्म प्रभावना हुई, इत्यादि बातों के सम्बन्ध मे कोई भी साधन उपलब्ध नही है। अत समकालीन अन्य सामग्री एव आपके साहित्य से जो कुछ जानकारी प्राप्त हो सकी है उसे उपस्थित करते हुए आपके रचित साहित्य का सक्षिप्त परिचय दिया जा रहा है।

जन्म एवं दीक्षा

जैसा कि ऊपर कहा जा चुका है आपके जन्म सवत् एव स्थानादि के सम्बन्ध कोई निश्चित साधन प्राप्त नही है अतः अनुमान से ही काम चलाना होगा। आपकी 'सर्व प्रथम' रचना "खण्ड प्रशस्ति काव्य की टीका" है। जिसका निर्माण सं. १६४१ में हुआ है। खण्ड प्रशस्ति जैसे कठिन काव्य के ऊपर टीका लिखने की योग्यता के लिये कम से कम २५ वर्ष की अवस्था अपेक्षित है, आपका जन्म स. १६१५ के लगभग सभव है आपके गुरु श्री के विहार एव आपकी भाषा पर विचार करने से आपका जन्म मरुभूमि (मारवाड़) में ही सभव है। श्रीजिनसिंहसूरिजी (महिमराज) की दीक्षा स. १६२३ में हुई थी। दीक्षानन्दि के हिसाब से

आपकी दीक्षा उनसे पूर्व स. १६२१-२२ में हुई थी। उस समय आपकी अवस्था नियमानुसार कम से कम आठ वर्ष की भी मान ली जाय तो आपका जन्म स. १६१३-१४ के लगभग होना चाहिए। आपके गुरु जयसोमजी प्रसिद्ध विद्वान थे, अत आपका विद्याध्ययन उन्ही के पास हुआ होगा।

गुरु परंपरा

आपने अपने ग्रन्थो की प्रशस्तियो मे भी जिन कुशलसूरिजी से परपरा का सम्बन्ध मिलाया है। वश वृक्ष के पत्रो के अनुसार आपका वशवृक्ष इस प्रकार वनता है—

श्रीजिनकुशलसूरि (दे० हमारे प्र० दादा श्रीजिनकुशलसूरि)
|
महो० विनयप्रभ* (गौतमरास, नरवर्मचरित्रादि के कर्त्ता)
|
उपा० विजयतिलक (शत्रुजयस्तवनकार)
|
वा० क्षेमकीर्त्ति (इन्ही के नाम से क्षेमशाखा हुई)
|
वा० क्षेमहंस (लघुकाव्यत्रयी, वृत्तरत्नाकर के टीकाकार)
|
वा० क्षेमध्वज — सोमध्वज
|
वा० क्षेमराज (उपदेश सतति का आदि अनेक ग्रन्थो के निर्माता)
|
वा० दयातिलक,
|
वा० प्रमोदमाणिक्य,

---

*इनके स्तोत्र रास स्तवनादि का सग्रह—मुनि—श्रीविनयसागरजी संपादन कर "विनयप्रभ-साहित्य-सग्रह नाम" से प्रकाशित करने वाले हैं।

❀ आपके रचित ग्रथ इस प्रकार हैं—१–निर्युक्ति स्थापन (स० १६७६), २–लखमसी कृत २१ प्रश्नोत्तर, ३–गुणकित्व षोडशिका (मुनि विनयसागरजी के सग्रह में प्रेस कोपी), ४–ललिताग रास, ५–धर्मबुद्धि-रास (स० १३६७ राजनगर), ६–अघट कुमार चौ० (१६७४ आगरा) ७–लु कामतोत्थापक गीत (गा०६१), ८–पचकल्याणक स्तवन का अर्थ ।

वाचक पद

संवत् १६४८ में युगप्रधान जिनचन्द्रसूरिजी सम्राट अकबर के आमंत्रण से लाहोर पधारे। उस समय अन्य विद्वान साधुओ के साथ आप एव आपके गुरु भी उनके साथ थे। आपकी विद्वता उस समय काफी प्रसिद्धि पा चुकी थी, अनेको ग्रन्थो पर टीकायें वनाकर आप एक समर्थ टीकाकार के रूप मे प्रसिद्ध थे, अत स० १६४६ के फाल्गुन शुक्ला २ को यु० जिनचन्द्रसूरिजी ने वा० महिमराज को आचार्य पद, रत्ननिधान ❀ को एव आपके गुरु वा० जयसोम को उपाध्याय पद दिया था, उसी समय आपको एव कविवर समयसुन्दर को वाचनाचार्य पद प्रदान किया था, जिसका उल्लेख आपके गुरु जयसोमजी के रचित कर्मचन्द्र वश प्रवध एव आपके रचित कर्मचन्द्र वश प्रबन्ध वृत्ति एव कर्मचन्द्र वशावली रास में पाया जाता है।

सम्राट जहांगीर द्वारा कविराज पद प्राप्ति—आपकी विद्वत्प्रतिभा असाधारण थी। सम्राट जहांगीर ने आपके नवीन काव्यो को सुनकर आपको कविराज का पद दिया था। जिसका उल्लेख आपके विद्वान् शिष्य मतिकीर्ति ने अपने निर्युक्ति स्थापन प्रश्नोत्तर ग्रन्थ की प्रशस्ति में किया है।

'चम्पू-रघु-मुख्यानां, ग्रन्थानां विवरणाच्चथा जहांगीरात्।
नवनवकवित्त्वकथने स्यादा प्राप्तं कविराजपदं ॥५॥

साहित्यसेवा—आपने विद्याध्ययन समाप्त कर सं० १६४१ से साहित्य का निर्माण प्रारभ किया, जो स० १३७६ तक निरन्तर चालू रहा। फलत आपकी रचनाओ की सख्या विशाल है। पहले पहल आपने उपयोगी काव्यो, जैन प्रकरणो एव स्तोत्रो पर टीकायें (सस्कृत एव भाषा टीका वालाववोध रूप मे) वनाना प्रारम्भ किया, और स० १६५४ से रास चौपाई आदि राजस्थानी भाषा के काव्यो का निर्माण कर मातृ भाषा की सेवा करने लगे। यद्यपि इससे पहिले भी आपने छोटी मोटी कई राज-

---

❀ नलचपूवृत्ति के आप सशोधक थे।

स्थानी भाषा मे रचनाये की है पर बडे काव्य मुक्तक पदो को छोड कर यहाँ प्रबन्ध काव्यो की दृष्टि से ही स० १६५४ से प्रारभ लिखा गया है। बालावबोध भाषा टीकाये राजस्थानी गद्य मे लिखी गई है। आपके रचित साहित्य की सूची दी जा रही हैं। इनके अतिरिक्त कई सस्कृत में स्तोत्र एवं भाषा के स्तवन, सज्भाय गहूँली आदि अनेक पाये जाते हैं। जिनमें से ८० के करीब मैंने सग्रहीत किये हैं। आपकी कृतियो का जैसा चाहिये वैसा प्रचार नही हो पाया था, अत कई ग्रन्थ नष्ट हो गये प्रतीत होते हैं, ऐसेग्रन्थो में से दशाश्रुतस्कन्ध वृत्ति आदि है।

आपके अक्षर सुन्दर थे, बीकानेर के जन ज्ञान भण्डारो एवं हमारे सग्रह मे भी आपके लिखित कई ग्रन्थ एव स्तवना दिन के पचासो पत्र उपलब्ध हैं।

विहार एवं तीर्थयात्रा—जैन साधुओ का जीवन भ्रमणशील है वे एक स्थान पर अधिक समय न रहकर सर्वत्र पैदल विहार कर धर्म प्रचार करते रहते हैं, इस भ्रमण मे धर्म प्रचार के साथ तीर्थयात्रा का भी लाभ हो जाता हैं।

स० १६४४ में बीकानेर से शत्रुञ्जय का यात्री संघ निकल कर सघपति सोमजी के साथ गिरिराज की यात्रा को गया था, उसमे आप भी सम्मिलित थे और उस सघ के वर्णन रूप में आपने शत्रुञ्जय चैत्य परिपाटी स्तवन बनाया है। स० १६६३ फाल्गुन सुदी ३ को भी आपने शत्रुञ्जय तीर्थ की यात्रा कर स्तवन बनाया व स० १६७५ वैशाख सुदी १३ को स० रूपजी कारित बृहद् प्रतिष्ठा महोत्सव के समय भी आप जिनराजसूरिजी के साथ शत्रुञ्जय पर विद्यमान थे।

आपके रचित स्तवनो में फलोदी पार्श्वनाथ, मालासर में ऋषभदेव, सागानेर में पद्मप्रभ, विशाला में विमलनाथ, बीकानेर में नमिनाथ, भकुल (?) में पार्श्वनाथ, गोडीपार्श्वनाथ, पालीपार्श्वनाथ, लौद्रवा पार्श्वनाथ, नाकोड़ा पार्श्वनाथ, शखेश्वर पार्श्वनाथ, निबाज पार्श्वनाथ, राडद्रह में वीरप्रभु व कुशलसूरि, खभात में स्तभनपार्श्वनाथ, जैसलमेर मे पार्श्वनाथ, अमृतसर मे कुशलसूरिजी के दर्शन का उल्लेख पाया जाता है।

इनके अतिरिक्त आपकी कृतियो से आपका पधारना विल्वतटपुर (वेनातट) तोसाम, सवरनगर, वापडाउ, रूण, महिमपुर, नवानगर, वाहडमेर, आगरा, राजनगर आदि स्थानो में भी हुआ जाना जाता है।

जैन शास्त्रों का गम्भीर अनुशीलन—जैन शास्त्रो का अध्ययन आपका वहुत ही गम्भीर एग विशाल था। यह आपके रचित हुंडिका (जिसमें १५० ग्रन्थों के पाठ उद्धृत हे) एग खण्डनात्मक * साहित्य से भली भाति सिद्ध होता है। गुरु परपरा से भी आपको वहुत ज्ञान प्राप्त हुआ था, क्योकि आपके गुरु जयसोमजी जैन शास्त्रो के नामांकित विद्वान् थे।

स्वर्गवास—स० १६७६ के पश्चात् आपकी कोई भी रचना उपलव्व नही है, अत सभव है इसके पश्चात् आपका स्वर्गवास शीघ्र ही हो गया होगा।

शिष्य परम्परा—आपके गुरु विद्वान् थे गैसे ही आपके शिष्य मतिकीर्त्ति भी अच्छे विद्वान् थे। १६ वी शताब्दी तक आपकी शिष्य परम्परा वरावर चलती रही, जिनकी नामावली ऊपर वशवृक्ष मे दी गई है।

रचित–साहित्य

(संस्कृत टीकायें)

१—खण्डप्रशस्ति	वृत्ति	स० १६४१		हमारे सग्रह मे
२—नेमिदूत काव्य	,,	,, १६४४	बीकानेर	प्रस्तुत
३—नलचम्पू	,,	,, १६४६ (७ ?)	सेरुणा	सेठिया लायब्रेरी
४—रघुवंश	,,	,, ,,	बीकानेर	वडा ज्ञान भडार
५—वैराग्यशतक	,,	,, १६४७		प्रकाशित

* तपगच्छीय उ, धर्मसागर ने जैसे प्रवचनपरीक्षा मे अन्य गच्छ वालो की मान्यताओ का खण्डन किया है, वैसे ही आपने भी किया है, पर आपकी भाषा उन जैसी उग्र न होकर सौम्य है।

६–सबोधसप्तति „ „ १६५१ बीकानेर

७–कर्मचंद्रवंशप्रबंध„ × „ १६५६ चै शु शनि पुष्य, तोसामनगर (जिनविजयजी छपा रहे हैं)

८–लघुशान्ति वृत्ति „ १६५६ बेनातट हमारे संग्रह में

९–इन्द्रियपराजयशतक वृत्ति सं. १६६४

१०. लघुअजितशांति „

११. ऋषिमण्डल अवचूरि

१२. दशाश्रुतस्कन्ध टीका (उल्लेख फुटकर पत्र मे) अप्राप्य

१३. शीलोपदेश माला लघुवृत्ति आत्मानंद सभा भावनगर

भाषा टीकायें (बालावबोध)

१. बृहत्संग्रहणी बालावबोध अपूर्ण प्रति अनंतनाथ ज्ञान भं० बम्बई

२. आदिनाथस्तव (विजयतिलक)„ बापडाउ, ज्ञाननंदन आग्रह से

३. णमुत्थुणं (प्रणिपातदंडक)„

४. जयतिहुअण स्तोत्र बालावबोध पत्र १३ स्वयं लि० रामचन्द्र भं,

५. भक्तामर टब्बा

६ कल्पसूत्र बालावबोध, (कई पत्र स्वयं लि० बद्रीदास संग्रह कलकत्ता)

७. साधु समाचारी संभवतः उपरोक्त मे ही हो।

८. चरणसत्तरी करणसत्तरी भेद

अनेकार्थ

१. सव्वत्थ शब्दार्थ समुच्चय ("सव्वत्थ" शब्द के ११७ अर्थ) (अनेकार्थ रत्नमंजूषा मे प्रकाशित)

× नं० ३ को छोड कर पूर्व रचित पांचो की वृत्ति का उल्लेख इस वृत्ति में है।

सशंकित

१. मितभाषिणी वृत्ति (उ जै० गुर्जर कवियो में है पर भ्रमित ज्ञात होती है)

२ तपगच्छचर्चा, पत्र ८ आत्मानन्द सभा

(वास्तव में यह तपागच्छीय गुणविजय रचित होगी)

३. गीतसार टीका (नलचपू की प्रस्तावना में उल्लेख)

संग्रहात्मक

१. हुण्डिका स० १७५७ सेसरणा श्लोक सं० १२०००

२ प्रश्नोत्तर—

रास चौपाई

१. कयवन्ना संधि स० १६५४ नेमिजन्म महिमपुर, बीकानेर भ.

२ कर्मचन्द्र वंशावली रास ,, १६५६ माघ वदि १० सवरनगर, प्रकाशित

३ अजना सुन्दरी रास. ,, १६३२ (६३?) चै. सु ९ खंभात

४ ऋपिदत्ता चौपाई ,, १६६३ ,, ,,

५ गुणसुन्दरी ,, ,, १६६५ नवानगर

६. नलदमयती प्रवन्ध ,, १६६५ आसु. वदि. ६ ,,

७. जवू रास ,, १६७० आ. सुदि १० वाडमेर

८ धन्नाशालिभद्र चौपाई ,, १६७४ मि. १ आगरा (श्रीमाल मानसिंघ आग्रह से)

९. अगडदत्त रास

१०. कलावती चौपाई ,, १६७३ श्रा. सुदी ९ साँगानेर

११. बारह व्रतरास ,, १६५५

१२. जीवस्वरूप चौपाई ,, १६६४ राजनगर पत्र १३ भा. रि. इ. पूना

१३. मूलदेव चौपाई ,, १६७३ जे. सुदी १३ साँगानेर

पत्र ५ मुकनजी स०

१४. दुमुह प्रत्येक बुद्ध चौपाई आदिपत्र रामलालजी स०

१५. शत्रुंजय चैत्य परिपाटी गा. ३२ सं० १६४४

१६. पार्श्वनाथ स्तवन ,, २७ ,, १६५७ आषाढ पूर्णिमा
१७ चार मगल गीत ,, २७ ,, १६६०
१८. शत्रुंजय यात्रा स्तवन १६६३ फा. सुदी १२
१९. जेसलमेर पार्श्वनाथ स्तवन गा. १६ स० १६७२
२०. जिनराजसूरि अष्टक १६७६
२१. निवाज पार्श्व स्तवन १६७६ चै. बदी २

खण्डनात्मक

१–अचलमत स्वरूप वर्णन १६७४ भा. सुदी ६ मालपुर (थाहरु भंडार)
२–लुम्पकमततमोदिनकर चौपाई १६७५ सा. वदी ६ सागानेर (जयपुर भ)
३–तपा ५१ बोल चौपाई, १६७६ राडद्रहपुर (बीकानेर भडार)
४–प्रश्नोत्तर मालिका (पार्श्वचन्द्र मतदलन) १६७३ सांगानेर
५–कुमतिमत खण्डन (उत्सूत्रोद्घाटन कुलक) १६७५ नवानगर, प्रकाशित

जैसा कि पहले कहा जा चुका है कि प्रस्तुत काव्य मूल एव हिन्दी अनुवाद इससे पूर्व भी प्रकाशित हो चुका है पर इस सस्करण की दो दृष्टियो से विशेप महत्व एवं उपयोगिता है। पहली विशेषता अद्यावधि अज्ञात प्राय वृत्ति प्रकाशन एव दूसरी हिन्दी पद्यानुवाद का साथ होना। वृत्ति के होने से सस्कृत के साधारण अभ्यासियो के लिये काव्य भाव को समझना एवं रसास्वादन करना सुगम हो गया है, एव हिन्दी पद्यानुवाद से सस्कृत से अनभिज्ञ जनसाधारण भी इसको हृदयंगम कर सकेंगे। हिन्दी पद्यानुवाद बहुत ही सुन्दर बना है, एवं उसके पढने से मौलिक हिन्दी काव्य का सा आनन्द प्राप्त होता है। इसके रचयिता भैसरोडगढ़ निवासी महारावत श्री हिम्मतसिंहजी 'साहित्यरंजन' हैं जो काव्य मर्मज्ञ होने के साथ ख्याति प्राप्त सुकवि हैं। जन्मत जन न होने पर भी आप जैनधर्म से अनुराग रखते है, और मुनि-विनयसागरजी के अनुरोध से उन्होने प्रकाशित करने की अनुमति दी, एतदर्थ हम आपके विशेष रूप से आभारी हैं।

अन्त में मुनि श्री ने प्रस्तुत ग्रन्थ, एव ग्रन्थकार एवं वृत्तिकारादि के सम्बन्ध में अपने मनोभावो को प्रकाशित करने का मुझे सुयोग दिया,

एतदर्थ आपका आभार मानते हुए भविष्य में भी वे साहित्य सेवा में निरन्तर अधिकाधिक अग्रसर होते रहें यही अनुरोध करता हुआ अपनी प्रस्तावना को समाप्त करता हू । काव्यशास्त्र का तथाविध ज्ञान न होने से साहित्यिक दृष्टि से विशेष प्रकाश नही डाल सका, इसका मुझे स्वय खेद है ।

फाल्गुन शुक्ला ३ }
सं० २००४, }

अगरचन्द नाहटा

नेमिदूतश्लोकानां मातृकावर्णक्रमेणानुक्रमणी ।

—०:०:०—

॥ ॐ नमः ॥

नमो नमः श्रीमज्जिनमणिसागरसूरीश्वरपादपद्मेभ्यः ।

मन्त्रिवर्य्य–श्रीविक्रम–प्रणीतम्–

श्री नेमिदूतम् ।

उपाध्यायश्रीगुणविनयगणिविनिर्मितवृत्तिविभूषितम् ।

※ वृत्तिकार–मंगलाचरणम् ※

श्रीपार्श्वं प्रणिपत्य सत्यमनसा सानन्दवृन्दारकै-
वन्द्यं श्रीगुरुराजबन्धुरपदद्वन्द्वं च दोषापहम् ।
राजीमत्यभिवल्लभोक्तिरचना विज्ञप्तिरूपात्मकं,
सत्काव्यं विवरीषुरस्मि विशदं श्रीनेमिदूताभिधम् ॥ १ ॥

—मूलम्—

प्राणित्राणप्रवणहृदयो बन्धुवर्गं समग्रं,
हित्वा भोगान् सह परिजनैरुग्रसेनात्मजां च ।
श्रीमान्नेमिर्विषयविमुखो मोक्षकामश्चकार,
स्निग्धच्छायातरुषु वसतिं रामगिर्य्याश्रमेषु ॥ १ ॥

श्रीमान्—लक्ष्मीवान् नेमिर्नेमिनाथो जिनः 'रामगिर्य्याश्रमेषु' रामो-रमणीयो यो गिरिरुज्जयंताख्यः पर्वतस्तस्याऽऽश्रमास्तपस्विवासास्तेषु वसतिं चकार-निवासं कृतवान्। 'राम श्यामे हलायुधे। पशुभेदे सिते चारौ, राघवे रेणुकासुते"। इत्यनेकार्थः। यद्यपि श्रीनेमेरेकाकित्वाद्रामगिर्याश्रमे' इत्येकवचनमेव न्याय्यं, तथापि संवेगरसाकुलितचेतसां स्त्र्यादिजनवियुक्तस्थानेष्वेव निवसनात् नैकत्रावस्थानं संभवति, कदाचित् क्वचिदाश्रमे दिवसमतिवाहयन्तीति बहुवचनं, अनेन चानेकाश्रमपावित्र्यं च पर्वतस्य व्यज्यते। कथंभूतेषु स्निग्धच्छायातरुषु छाया आतापाऽभावस्तया उपलक्षितास्तरवः, यद्वा छाया-शोभा तदर्थं तरवः, यद्वा छाया-प्रधानास्तरवः पूर्वापरदिग्भागभाज्यपि सूर्ये-सवितरि येषां छाया न निवर्तते-ते छायातरव, यद्वा छाया-पंक्तिस्तस्यां तरवः स्निग्धाः सरसपल्लवोल्लासितच्छायास्तरवो येषु तेषु, छायाशब्दः पंक्तिवाचकोप्यस्ति। यदुक्तमनेकार्थे- 'छाया पंक्तौ प्रतिमाया-मर्कयोपित्यनातपे। उत्कोचे पालने कांतौ, शोभायां च तमस्यपीति'। किम्भूत. श्रीनेमि. 'प्राणित्राणप्रवणहृदय. 'प्राणिनां प्रकृतत्वाच्छाग-सारंगादीनां यत्त्राणं-रक्षणं तत्प्रवणं तदासक्तं हृदयं-चित्तं यस्य स', इत्यनेन श्रीनेमि. राजीमतीविवाहार्थमुपागतस्तस्यानेककारुण्याश्रयमृगादिवाटकमवलोक्य पश्चाद्वालितरथस्य परमकृपाश्रयत्वं वोधितं। किंकृत्वा तत्र वसतिं चकारेत्याह—समग्रं-समस्तं बन्धुवर्गं-स्वजनसमुदायं परिजनैः सह भोगान् उग्रसेनात्मजां-राजीमतीं च हित्वा—परित्यज्य, इत्यनेन भगवतो नीरागता वोधिता। अतएव कथंभूत 'विषयविमुख' विषयाच्छब्दादिविषयरागाद्विमुखः- प्रतिकूलमनाः। पुन किंभूत. 'मोक्षकाम.' मोक्षं-निःश्रेयसं कामयते-वाञ्छतीति मोक्षकाम', इत्थंविध श्रीनेमी रेवताद्रौ उवासेति प्रथमवृत्तार्थः। अत्र स्वभावोक्तिरलंकारः॥ १॥

सा तत्रोच्चैःशिखरिणि समासीनमेनं मुनीशं,
हे यादवाधीश ! श्रीनेमे ! वाला-राजीमती 'मन्मुखेन' मम सख्या मुखं मन्मुखं तेन, इदं वक्ष्यमाणमाह-कीदृशं ? तत् 'उत्कण्ठाविरचितपदं' उत्कण्ठा-औत्सुक्येन विरचतानि पदानि शब्दा यत्र तत्तथा । यद्वा क्रियाविशेषणमेतदिति । इदमिति किं ?, हे नाथ ! यदि त्वं 'धर्मज्ञो' जीवदयालक्षणधर्मज्ञाता वर्त्तसे तदा मां सहचरीं-सहचारिणीं च-पुनरेकचित्तां एकस्मिन्नेव भवल्लक्षणे प्रिये चित्तं-मनो यस्याः सा एकचित्ता तां, तथा रक्तां-अनुरागवतीं, एवं विरह-शिखिना-वियोगाग्निना दह्यमानां किमुपेक्षसे-किमुपेक्षां कुरुषे । तत्तस्माद्धेतोः स्वीकारात् मदीयेयमित्यंगीकारात् मयि कृपां-दयां कुरु । इतीदं मन्मुखेनाह ।। ११० ।।

दुर्लंघ्यत्वं शिखरिणि पयोधौ च गाम्भीर्यमुर्व्यां,
स्थैर्यं तेजः शिखिनि मदने रूपसौन्दर्यलक्ष्मीम् ।
बुद्धे क्षान्तिं नृवर ! कलयामीति वृन्दं गुणानां,
हन्तैकस्थं क्वचिदपि न ते भीरुसादृश्यमस्ति ॥१११॥

हे नृवर ! ते-तव-इति वक्ष्यमाणं, दुर्लंघ्यत्वगाम्भीर्यादीनां गुणानां वृन्दं भवत्येव सर्वगुणानामविरोधतया अवलोकनात्, हन्त-इति खेदे, अन्यत्र त्वत्प्रतिकृतिदिदृक्षाकौतुकमपि न पूर्यत इति खेद । क्वचिदपि त्रिभुवनेपि एकस्थं-एकस्मिन् वस्तुनि स्थितं नास्ति । यत्र मम नयनप्रलोभनं स्यात् । किन्तु क्वचित् पूर्वोक्त प्रकारेण व्यस्तमेव दृश्यते तदेव दर्शयति-शिखरिणि-पर्वते दुर्लंघ्यत्वं । च-पुन पयोधौ गाम्भीर्य-गम्भीरता, उर्व्यां-पृथिव्यां स्थैर्यं-स्थिरता । शिखिनि वह्नौ तेजः । मदने रूपसौन्दर्यलक्ष्मीं । बुद्धे-सुगते क्षान्ति-क्षमां कलयामीति क्रिया सर्वत्र योज्यते । एवं व्यस्तमेव गुणवृन्दमस्ति नत्वेकस्थ । उत्प्रेक्षते-गुणवृन्दं भीरु इव अन्यदपि यत् किल भीरुवृन्दं भवति, तदपि न क्वचिदेकत्र प्राप्यत इति । अत्र लुप्तोपमा । किंभूतं गुणवृन्दं ? 'सादृश्यं' सया-लक्ष्म्या दृश्यं-दर्शनीयम् ।। १११ ।।

एतानीत्थं विधुरमनसोऽस्वीकृतायास्त्वया मे,
दुःखार्त्तायाः क्षितिभृति दिनानीश ! कल्पोपमानि ।
आसन्नस्मिन्मदनदहनोद्दीपनानि प्रकामं,
दिक्संसक्तप्रविरसघनव्यस्तसूर्यातपानि ॥११२॥

हे ईश ! त्वया अस्वीकृताया मे मम दुःखार्त्ताया वियोगदुःख-पीडिताया अस्मिन् क्षितिभृति रैवते इत्थ-अमुना प्रकारेण एतानि-दिनानि प्रकाममतिशयेन कल्पोपमानि कल्पेन-युगान्तेन उपमीयन्ते यानि तानि कल्पोपमानि आसन्-बभूवुः । किंभूताया मे ? 'विधुरमनस' विधुरं वियोगेन पीडितं मनो यस्या' सा तस्या' । किंभूतानि दिनानि ? 'मदनदहनोद्दीपनानि' मदनदहनं-मन्मथाग्निमुद्दीपयन्तीति मदनदहनोद्दीपनानि । पुन किंभूतानि ? 'दिक्संसक्तप्रविरसघनव्यस्तसूर्यातपानि' प्रविरसन्तीति-गर्जन्तीति प्रविरसाः, दिक्षु संसक्ता-संलग्नाश्च ते प्रविरसाश्च ते घनाश्च तैर्व्यस्तः सर्वथा निरस्त' सूर्यातपो येषु तानि, दिक्-संसक्तप्रविरसघनव्यस्तसूर्यातपानि ॥११२॥

रात्रौ निद्रां कथमपि चिरात् प्राप्य यावद्भवन्तं,
लब्ध्वा स्वप्ने प्रणयवचनैः किंचिदिच्छामि वक्तुम् ।
तावत्तस्या भवति दुरितैः प्राक्कृतैर्मे विरामः,
क्रूरस्तस्मिन्नपि न सहते संगमं नौ कृतान्तः ॥११३॥

हे नाथ ! अहं रात्रौ कथमपि महता कष्टेन चिरात्-चिरकालेन निद्रां प्राप्य यावद्भवन्तं स्वप्ने लब्ध्वा प्रणयवचनैः-स्नेहवाक्यैः किंचिद्वक्तुमिच्छामि, तावत् मे-मम प्राक्कृतैः-पूर्वभवविनिर्मितैर्दुरितैः-पापैस्तस्या निद्राया विरामो-व्यपगमो भवति । यतः क्रूरः कृतान्तस्तस्मिन्नपि स्वप्नेपि नौ-आवयो' संगमं-संयोगं न सहते-न क्षमते ॥ ११३ ॥

मन्नाथेन ध्रुवमवजितो रूपलक्ष्म्या तपोभि-

स्तद्वैरान्मामिषुभिरबलां हन्त्यशक्तो मनोभूः ।

दृग्भ्यां तप्तेष्विति मम निशि स्रस्तरे चिन्तयन्त्या,

मुक्तास्थूलास्तरुकिशलयेष्वश्रुलेशाः पतन्ति ॥११४॥

हे विभो ! यत् भवता–नाथेन ध्रुवं–निश्चितं रूपलक्ष्म्या-रूप श्रिया, तथा तपोभिर्मनोभूरवजितस्तद्वैरात् यदुताहं एतद्भर्त्रा बलवत्त्वेन जित इति वैरं. मनस्याकलय्य अशक्तोऽक्षमो मनोभूर्मामबलामसमर्थां तत्पत्नीत्वेन ज्ञात्वा इषुभिर्बाणैर्हन्ति । इति पूर्वोक्त प्रकारेण मम निशि–रात्रौ स्रस्तरे तप्तेषु तरुकिशलयेषु चिन्तयन्त्या –स्मरन्त्याः मुक्तास्थूला–मौक्तिकवत्पीवरा अश्रुलेशा दृग्भ्यां पतन्ति ॥११४॥

अस्मिन्नेते शिखरिणि मया यादवेशान्तिकान्ते,

जीमूताम्भःकणचयमुचः सञ्चरन्तः पुरस्तात् ।

संसेव्यन्ते विषमविशिखोत्तप्तया नीपवाताः,

पूर्वं स्पृष्टं यदि किल भवेदंगमेभिस्तवेति ॥११५॥

हे यादवेश ! अस्मिन् शिखरिणि–उज्जयन्तामिधे ते–तव अन्तिकं–समीपं पुरस्तात संचरन्त, एते नीपवाता, इति हेतोर्मया संसेव्यन्ते–आश्लिष्यन्ते । किंभूता नीपवाताः ? 'जीमूताम्भःकणचयमुचः' जीमूताम्भसां–मेघजलानां ये कणा–लेशास्तान् मुंचन्तीति जीमूताम्भः कणचयमुच । किंभूतया मया ? 'विषमविशिखोत्तप्तया' विषमविशिखेन-कामेनोत्तप्ता-संतापिता तया । इतीति किं ? यदि किलेति पदद्वयमपि सम्भावनार्थं, एकार्थपदद्वयोपादानं तु सम्भावनातिशयं ख्यापयति । सम्यक् तवांगमेभिः पूर्वं संस्पृष्टं भवेदिति हेतोर्नीपवाताः संसेव्यन्त इति ॥ ११५ ॥

संचिन्त्यैवं हृदि मयि दयां धारयन् तत्प्रसीद,

स्वामिन्निर्वापय वपुरिदं स्वांगसङ्गामृतेन ।

यत्सन्ताप्यानिशमतितरां प्राणलावण्यशेषं,

गाढोष्माभिः कृतमशरणं त्वद्वियोगव्यथाभिः ॥११६॥

हे स्वामिन् ! एवं हृदि संचिन्त्य—ध्यात्वा मयि—अबलायां—बालायां दयां धारयन् बिभ्रत सन् प्रसीद-प्रसादं कुरु । इदं मदीय तद्वपुस्तनुं स्वांगसंगामृतेन-स्वशरीरमिलनपीयूषेन निर्वापय-शीतलीकुरु । तदिति किं ? यत् वपुः अनिशं-निरन्तरं अतितरामतिशयेन सन्ताप्य 'प्राणलावण्यशेषं' सत् प्राणाश्च लावण्यञ्च तान्येव शेष यस्य तत् प्राणलावण्यशेषं, तथाविधं सत् 'गाढोष्माभिः' गाढ ऊष्मा यासां ता गाढोष्माः "अनन्ताद्बहुव्रीहौ डाप् अन्यतरस्यां" स्त्रीलिंगे ताभिस्त्वद्वियोगव्यथाभिस्त्वद्विरहपीडाभिरशरणं कृतम् । त्वद्वियोगविधुरस्य मद्वपुषः परित्राणं नास्तीति भावः ॥ ११६ ॥

दुःखं येनानवधि बुभुजे त्वद्वियोगादिदानीं,

संयोगात्तेऽनुभवतु सुखं तद्वपुर्मे चिराय ।

यस्माज्जन्मान्तरविरचितैः कर्मभिः प्राणभाजां,

नीचैर्गच्छत्युपरि च दशा चक्रनेमिक्रमेण ॥११७॥

हे नाथ ! येन-वपुषा त्वद्वियोगात् त्वद्विरहात् अनवधि—अमर्यादं दुःखं बुभुजे-भुक्तं, इदानीं मे मम तद्वपुश्चिराय-चिरकालं ते-तव संयोगात् सुखमनुभवत्वास्वादयतु । यस्माद्धेतोर्जन्मान्तरविरचितैः-पूर्वजन्मविहितैः कर्मभिः प्राणभाजां-प्राणिनां दशा-अवस्था नीचैरुपरि गच्छति । कदाचिन्निम्ना दुःखोद्वेगजननी, कदाचिदुपरि मनोभिलाषसम्पादिका भवति । अत्र निदर्शनमाह-'चक्रनेमिक्रमेण'

यथा चक्रधारा परिवर्त्तमाना सती क्षणेनोपरि क्षणादधः प्रवर्त्तते । एवं दशायां कालपरिणतेरपि दुःखसुखानुरूपत्वात् एकरूपत्वं न भवति । अत्र दृष्टान्तालङ्कारः ॥ ११७ ॥

प्रावृट् प्रान्तं प्रिय ! मम गता दुःखदा दुर्दशेव,
प्राप्यान्योन्यव्यतिकरमितः साम्प्रतं सङ्गमावाम् ।
भोगानेकोत्सवमुखसुखानिच्छया मन्दिरे स्वे,
निर्वेक्ष्यावः परिणतशरच्चन्द्रिकासु क्षपासु ॥११८॥

हे प्रिय ! मम दुःखदा प्रावृट्-वर्षाकालः प्रान्तमवसानं गता-प्राप्ता । केव ? दुर्दशेव । यथा-दुःखदा दुर्दशा याति, तथा प्रावृट् पर्यन्तं प्राप्ता । इत-अस्माच्छरत्कालादारभ्यावां साम्प्रतं 'अन्योन्य-व्यतिकरं' अन्योन्यं-परस्परं व्यतिकरः प्रेमार्द्रचित्तत्वेन संपर्को यस्मिन्स तं । सङ्गं-संयोगं प्राप्य, च-पुनः स्वे-स्वाज्ञातयोर्थों वा विद्य-न्ते-यस्मिन् तत्तस्मिन् अभ्रादित्वादप्रत्ययः । अथवा स्वे-स्वकीये मन्दिरे वासभवने इच्छया क्षपासु-रात्रिषु भोगान् निर्वेक्ष्याव-उपभो-क्ष्यावहे । किंभूतान् भोगान् ? 'एकोत्सवमुखसुखान्' एकान्यद्वितीयान्यु-त्सवमुखानि-उत्सवादीनि सुखानि येषु ते तान् । किंभूतासु क्षपासु ? 'परिणतशरच्चन्द्रिकासु' परिणता-वृद्धिं प्राप्ता शरद्-शरत्कालस्य चन्द्रि-का यासु ताः परिणतशरच्चन्द्रिकास्तासु । चन्द्रिकावत्त्वेन रमणीयत्वं रजनीनां प्रत्यपादि ॥ ११८ ॥

इत्येतस्याः सफलय चिरात् वाक्यमासाद्य सद्यः,
स्वं वेश्मैनां नवरतरसैः स्वस्थचित्तां कुरुष्व ।
तल्पे प्राक् त्वां निशि वदति या स्मेक्षमाणेव मोहाद्-
दृष्टः स्वप्ने कितव ! रमयन् कामपि त्वं मयेति ॥११९॥

हे नाथ ! इत्यमुना प्रकारेण एतस्या बालाया वाक्यं आसन्न-रूपं सफलय-सफलीकुरु । तथा सद्यस्तत्कालं स्वं वेश्म आसाद्य-प्राप्य

एनां-बालां नवतरसैः-नवीनसम्भोगरसैः स्वस्थचित्तां समाध्या-पन्नमानसां कुरुष्व । एनामिति कां ? या बाला प्राक् तल्पे-शय्यायां निशि-रात्रौ स्वप्ने मोहाच्चितवैकल्यात्त्वामीक्षमाणा इव-अवलोकयन्तीव इति वदतिस्म-अब्रवीत् । इतीति किं ? हे कितव ! त्वं मया कामपि रमणीं रमयन् दृष्ट. इति वदतिस्मेति ॥ ११६ ॥

त्वत्संगाद्याकुलितहृदयोत्कण्ठया राजपुत्री,

त्वामेषाऽऽवां त्वरयति चिरात् स्नेहपूर्णा प्रयातुम् ।

प्रायेणैताः प्रियजनमनोवृत्तयोऽप्राप्तिभावा-

दिष्टे वस्तुन्युपचितरसाः प्रेमराशी-भवन्ति ॥१२०॥

हे नाथ ! एषा-राजपुत्री त्वां प्रति आवां-सौविदल्लसख्यौ चिरात् स्नेहपूर्णा-चिर स्नेहपूरिता सती त्वरयति-उत्सुकयति । कया ? 'त्वत्संगाद्याकुलितहृदयोत्कण्ठया' त्वत्संगादिना-त्वन्मिलनादिना आकुलितं यद्हृदयं तस्मिन् या उत्कण्ठा-औत्सुक्यं तया-साधनभूतया । यत. प्रायेण एता' स्नेहपूर्णा प्रियजनमनोवृत्तयः इष्टे-वल्लभे वस्तुनि अप्राप्तिभावात्-असंयोगभावात् उपचितरसाः-दृढानुरागाः सत्यः प्रेमराशी भवन्ति, विशेषप्रीतिमय्यो भवन्तीति भावः । यद्यप्यभिधानकोशे-स्नेहशब्द-प्रेमशब्दयोरर्थभेदो न कृतस्तथापि व्युत्पत्तिकृतः प्रतीयते, स्नेहनं-स्नेहो वाचनिकं प्रीतिमात्रं, प्रियस्य भावः प्रेमा आन्तरं वाल्लभ्यं। एवं च स्नेहपूर्णमनोवृत्तीनां प्रेमराशिभावो युज्यत एव । अयमत्रभावः, वस्तुनि प्राणभूते इष्टे-स्नेहपूर्णमनोवृत्तयः संयोगे सति तदुपभोगाद्रसोपचयस्यापि दिनकृतस्योपभोगेन नोपचीयन्ते, तावन्मात्रा एवावतिष्ठन्ते । विरहे पुनस्त-दुपभोगाभावात् प्रत्यहमुपचयं गृह्णातिस्म । ततः स्नेहपूर्णमनोवृत्तयः प्रेमराशी-भवन्ति रसोपचयं प्राप्य स्त्यानीभूताः विशिष्टवाल्ल-भ्यनिचया. संजायन्त इति भावः । अत्र दीपकालंकार ॥ १२० ॥

तस्माद्बालां स्मरशरचयैः दुस्सहैर्जर्जराङ्गीं,
सम्भाव्यैनां नय निजगृहात् सत्वरं यादवेन्द्र ! ।
प्रीत्या चास्या मधुरवचनाऽऽश्वासनाभिः कृपार्द्रः,
प्रातःकुन्दप्रसवशिथिलं जीवितं धारयेथाः ॥१२१॥

हे यादवेन्द्र ! तस्माद्धेतोरेनां-बालां दुःसहैः सोढुमशक्यैः स्मरशरचयैः-कामबाणसमूहैर्जर्जराङ्गीं विदारितदेहां सम्भाव्य-सम्भावयित्वा सत्वरं-शीघ्रं निजगृहान्-निजावसान् प्रति नय-प्रापय । च-पुनः कृपार्द्रः सकरुणः सन् प्रीत्या-आनन्देन मधुरवचनाश्वासनाभिर्मधुरवचनैर्या आश्वासना-आश्वासकरणं ताभिरस्या-बालाया जीवितं धारयेथाः । किंभूतं जीवितं ? 'प्रातःकुन्दप्रसवशिथिलं' प्रातः-प्रभाते कुन्दस्य यः प्रसवः-पुष्पं तद्वत् शिथिलम् ॥ १२१ ॥

त्वामर्थेस्याः किमिति नितरां प्रार्थये नाथ ! भूयो,
यस्मादीदृग् जगति महतां लक्षणं सुप्रसिद्धम् ।
स्नेहादेते न खलु मुखरा याचिताः सम्भवन्ति,
प्रत्युक्तं हि प्रणयिषु सतामीप्सितार्थक्रियैव ॥१२२॥

हे नाथ ! अस्या-राजीमत्या अर्थे त्वां किमिति प्रार्थये-किमिति याचे । यस्माद्धेतोरीदृक् सुप्रसिद्धं-सुप्रतीतं जगति महतां-उदारचेतसां लक्षणं-चिह्नं, यदेते महान्तो याचिताः-प्रार्थिताः सन्तः स्नेहात् न खलु मुखराः-वाचालाः सम्भवन्ति जायन्ते । हि-यस्मात् सतां प्रणयिषु ईप्सितार्थक्रियैव प्रत्युक्तं । प्रणयिनां यदीप्सितं तत्सम्पादनमेव साधूनां प्रतिवचनमिति ॥ १२२ ॥

गत्वा शीघ्रं स्वपुरमतुलां प्राप्य राज्यं त्रिलोक्यां,
कीर्त्तिं शुभ्रां वितनु सुहृदां पूरयाशां च पित्रोः ।

राजीमत्यो सह नवघनस्येव वर्षासु भूयो,

मा भूदेवं क्षणमपि च ते विद्युता विप्रयोगः ॥१२३॥

हे नाथ! त्वं शीघ्रं स्वपुरं गत्वा अतुलं-अनुपमं राज्यं प्राप्य त्रिलोक्यां शुभ्रां कीर्त्तिं वितनु-विस्तारय। सुहृदां-मित्राणां च-पुनः पित्रोराशाञ्च-वांछां पूरय। च-पुनस्ते-तव राजीमत्या सह क्षणमपि एव विप्रयोगो मा भूत्। कासु? कस्य? कयेव? वर्षासु, नवघनस्य, विद्युतेव। यथा नवघनस्य वर्षासु-प्रावृट्सु विद्युता सह विप्रयोगो न भवति, तथा भवतोपि राजीमत्या सह विप्रयोगो मास्तु ॥ १२३ ॥

तत्सख्योक्ते वचसि सदयस्तां सतीमेकचित्तां,

सम्बोध्येशः सभवविरतो रम्य धर्मोपदेशैः।

चक्रे योगान्निजसहचरीं मोक्षसौख्याप्तिहेतोः,

केषां न स्यादभिमतफला प्रार्थना ह्युत्तमेषु ॥१२४॥

इत्येवमिति बहिःस्थ योज्यं। तत्सख्या-राजीमत्यालपा वचसि उक्ते सति, सदयः-सकरुण. ईशः-श्रीनेमिस्तां एकचित्तां सतीं राजीमतीं रम्यधर्मोपदेशैः सम्बोध्य प्रतिबोध्य योगात्-ज्ञानदर्शन-चारित्रादिमोक्षापायात् निजसहचरीं' निजसहचरीव-निजपाणिगृहीतीव या सा तां चक्रे। कस्मान्मोक्षसौख्याप्तिहेतो। किंभूत? सभवविरत -संसारोपरतः। हि यस्मात् उत्तमेषु केषां अभिमतफला प्रार्थना न स्यात् ॥ १२४ ॥

श्रीमान् योगादचलशिखरे केवलज्ञानमस्मिन्,

नेमिर्देवोरगनरगणैः स्तूयमानोधिगम्य।

तामानन्दं शिवपुरि परित्याज्य संसारभोजां,

भोगानिष्टानभिमतसुखं भोजयामास शश्वत् ॥१२५॥

श्रीमान्-नेमिरस्मिन अचलशिखरे-रैवते योगात्-ध्यानात् केवलज्ञानमधिगम्य-प्राप्य तां-राजीमतीं शिवपुरि-मोक्षपुरम्य। 'अभिमतसुखं' अभिमतं-अभीष्टं, आत्यन्तिकदुःखोच्छेदेन सुखं यस्मिन्म त । यद्वा क्रियाविशेषणं । आनन्दं शश्वन्निरन्तरं भोजयामास । किंकृत्वा ? संसारभाजां इष्टान्-भोगान् परित्याज्य-मोचयित्वा । किंभूतो नेमि ? 'देवोरगनरगणैः' देवाश्च उरगाश्च नराश्च तेषां ये गणास्तैः स्तूयमानः ॥ १२५ ॥

सद्भूतार्थे प्रवरकविना कालिदासेन काव्या-

दन्त्यं पादं सुपदरचितान् मेघदूताद् गृहीत्वा ।

श्रीमन्नेमेश्चरितविशदं साङ्गणस्याङ्गजन्मा,

चक्रे काव्यं बुधजनमनः प्रीतये विक्रमाख्यः ॥१२६॥

विक्रमाख्य -विक्रमनामा कविः श्रीमन्नेमेश्चरितविशदं चरितेन-चरित्रेण विशदं-उज्ज्वलं काव्य चक्रे । कस्मै ? 'बुधजनमन प्रीतये' बुधजनाना-विद्वल्लोकानां यानि मनांसि तेषां या प्रीतिरानन्दस्तस्यै बुधजनमन. प्रीतये । किंकृत्वा ? 'सद्भूतार्थप्रवरकविना सद्भूता -सत्या ये अर्थास्तैः प्रवरः-प्रधानो य. कविस्तेन सद्भूतार्थप्रवरकविना, कालिदासेन सुपदरचितात्-शोभनपदविनिर्मितात् मेघदूतादन्त्यं-आवसानिक पादं-वृत्तचतुर्थांशं गृहीत्वा । किंभूतो विक्रमाख्य ? 'सांगणात्' सांगणेति कविपितुरभिधानं तस्मादाप्तजन्मा आप्तं-प्राप्तं जन्म येनेति आप्तजन्मा ॥ १२६ ॥

श्रीमन्महाकवि-मन्त्रीवर्य्य-विक्रमप्रणीतं

श्रीनेमिदूतकाव्य सम्पूर्णम् ।

इति श्रीनेमिदूतकाव्यवृत्तिः परिपूर्णाभवत् ।

—:०:—

वृत्तिकृत्-प्रशस्तिः

युगयुगरसशशि (१६४४) वर्षे विक्रमतो विक्रमाख्यवरनगरे ।
श्रीराजसिंहराज्ये, मन्त्रीश्वरकर्मचन्द्राढ्ये ॥ १ ॥
लब्धजगज्जयवर्णे, विशिष्टवरशास्त्रबोधकाकीर्णे ।
श्रीमत्खरतरगच्छे, गुणमणिभिः सिन्धुवदतुच्छे ॥ २ ॥
यः प्रौढिमानममलं, प्राप विवरणवद्भिरद्भुतनवांगीम् ।
श्रीअभयदेवगुरुभिः, क्षमारमासत्क्षमा गुरुभिः ॥ ३ ॥
तस्मिन् विजयिषु सुनयिषु, श्रीमज्जिनचन्द्रसूरिसत्प्रभुषु ।
बहुविबुधरत्नमण्डित- मिहास्ति येषां सदोपान्तम् ॥ ४ ॥
यैर्गुर्जरे नीवृति राजससदि, प्राज्ञोत्तमद्वादशवाङ्वान्वितैः ।
जय' प्रपेदे च धरापते. पुरो निर्जित्य दुःपाठकधर्मसागरम् ॥५॥
युग्मम् ।

श्रीक्षेमशाखासु बभूवुरुच्चकै' श्रीक्षेमराजाभिध पाठकाभुधि ।
आबालगोपालविचक्षणावलिं, येषां यशोद्यापि चमत्करोति ॥ ६ ॥
येशामुदयिन' शिष्या, अद्यु तद्दीपवद्ग णै' ।
शिवसुन्दरनामानः कनकाह्वाश्च पाठकाः ॥ ७ ॥
वाचनाचार्य सौन्दर्य-पद्प्राप्तमहामहा ।

श्रीदयातिलकाः कामं, तथा कामितदायिनः ॥ ८ ॥ युग्मम् ।
तेषां पट्टोदयक्षोणी-धरचूलादिवाकराः ।
राजन्ते वाचनाचार्याः, सद्विनेयगणार्चिता ॥ ९ ॥
प्रमोदमाणिक्यशुभाभिधा सुधा-माधुर्य्यमाधुर्य्यवचो विलासिनाम् ।
अनेकशास्त्रार्थसुपाठकानां, तच्छिष्यतावाप्तसुखोदयानाम् ॥१०॥
श्रीजयसोमगणीनां, शिष्येणेयं विनिर्मिता वृत्ति ।
काव्यस्य नेमिदूताभिधस्य गुणविनयगणि सुधिया ॥ ११ ॥

इति श्रीमज्जयसोमगणीनां शिष्येण प० गुणविनयगणिना
श्रीनेमिदूतकाव्य–विवरणं चक्रे ।

यदत्रवितथं प्रोक्तं, मतिमान्द्याद्वचो मया ।
पाठालीकतयावापि, तच्छोध्यं विबुधैर्मुदा ॥१॥

श्रीरस्तु ।

श्रीपार्श्वनाथ-श्रीजिनदत्तसूरि-श्रीजिनकुशलसूरीणां-प्रसादात् ।

शिव स्तात् ।

—॰—

नेमिदूत

अनुवादक:—

महारावजी श्री हिम्मतसिंहजी 'साहित्यरञ्जन'
भैंसरोड़गढ़ (मेवाड़)

अर्हम् ।

मंगलाचरण

जय गणनायक गौरिसुत जय-जय-ऋद्धि-सिद्धि,
दया-दृष्टि रख दास पर विमल कीजिये बुद्धि ।

पूर्वाभास

सिन्धुविजय-सुत नेमिनाथ से राजुल का सम्बन्ध किया ;
जूनागढ़-नृप उग्रसेन ने परिणय-हेतु प्रबन्ध किया ।
वहां बरात ठाठ से आई सतत मोद-नद में बहती ;
पर जैसी होनी होती है, वैसी होकर ही रहती ।

कुछ भी नहीं जान हम पाते, ऐ अदृष्ट तव अद्भुत काज ,
क्या प्रवृत्ति पथ पर निवृत्ति का यहां सजा है सुन्दर साज ।
बलि-हित पशु लख नेमिनाथ को प्रचुर पाप का ध्यान हुआ;
अवसर पाकर पूर्वभवों का समुदित पुण्य महान हुआ ।

नेमिदूत

(१)

जीव-त्राण में दत्तचित्त हो, बन्धुवर्ग परिजन भव-भोग,
उग्रसेन-तनुजा को भी तज, लिया उन्होंने अविचल योग।
श्रीमन्नेमिनाथ प्रभो वह, मोक्ष-मार्ग में करके प्रेम,
छायावाले रम्य रामगिरि पर जा रहे धार दृढ़ नेम।

(२)

तुङ्ग शृङ्ग पर बैठ वहाँ वह, होकर ध्यान-मग्न सविशेष,
कलुष-रहित हो देख रहे थे निज नासा को हो अनिमेष।
सजल श्याम वारिद सा उनको राजमतीजी ने देखा,
अरगड़ पर क्रीड़ा में परिणित कविवर-तुल्य उन्हें लेखा।

(३)

प्रावृट के शोभामय दिन में उन्हें शान्ति सुख में रत देख;
खिले नीप-सुमनों-युत नग पर नृत्य-निरत शिखियों को लेख।
ले करके निःश्वास दीर्घ वह गिरी, भूमि पर चली गई,
राग-रहित पति पाकर प्रमदा कौन न दुख से दली गई।

(४)

उस पतिव्रता सती बाला के पद पड़ने से हुआ पवित्र,
कुटज गंध-युत शीतल जल से स्वागत करता हुआ विचित्र।
वायु व्यजन द्वारा श्रम हरता गूँज उठा वह गिरि ऊँचा,
या मलिन्द-मण्डल गञ्जन मिस उससे कुशल-क्षेम पूछा।

(५)

सिद्धि लाभ-हित शैल-शिखर पर लख निज स्वामी को आसीन;
उग्रसेन-तनया कृशाङ्गी यह विरह-व्याकुला गति-मति-हीन।
हाय सांत्वना लगी माँगने गिरी-सम्मुख मस्तक को टेक;
भेद भूलते जड़-चेतन का होकर कामी हीन-विवेक।

(६)

फिर यदुपति से यों बोली वह काम पीड़िता अश्रु बहा;
शरणागत-वत्सलता ही है राजधर्म का मर्म रहा।
आओ मुझे बचाओ यह मैं खड़ी त्याग संकोच विचार;
"नहीं" श्रेष्ठ है श्रेष्ठ जनों की 'हाँ" भी नीचों की निस्सार।

(७)

तुङ्ग शृङ्ग तज करके आओ चलें द्वारिका को तुम-हम-
जिसके भवन रत्न-निर्मित हैं, हरते अन्तराल का तम।
जिसकी समता करती अलका होती है सकुचित सविषाद;
यद्यपि भव की भाल-चन्द्रिका से उसके धवलित प्रासाद।

(८)

सुन गर्जन गभीर घनों का, चपल चञ्चला का लख लास;
और जान सौरभ फैलाता जुही-चमेली का सुविकास।
विरहानल में कौन जलेगी मुझ जैसी जीवित रहकर;
पावस के सुन्दर दिवसों में पराधीनता-दुख सहकर।

(९)

देखो बैठ वायु पर गिरि से विस्तृत हो यह घन साह्लाद,
विरही जनों के कर्ण-मूल को फोड़ रहा कर घोर निनाद।
जिन्हें पथिक, प्रोषितपतिकाएँ, कमल, कौमुदी रहे निहार;
वह उड़ती बक-पंक्ति आपकी सेवा का सब लेगी भार।

(१०)

नये नीरदों से नीला नभ लख करके जब घबराती;
मन्मथ के खरतर शर से जब विद्ध हुई-सी थर्राती।
विरहाकुल विह्वल बालाएँ हो जाती हैं जब म्रियमाण;
कहो कौन तब पति को तजकर कर सकता है उनका त्राण।

(११)

कज्जल-से काले कजरारे दिग् के अम्बर मेघ महान;
अंधकार में लीन करेंगे वहाँ रात्रि-वासर का ज्ञान।
अधिक और क्या फल पाओगे इस निर्जन नग पर कर वास;
सहचर नभचर हंस मिलेंगे यों ले लेने से संन्यास।

(१२)

मेरा हितकर कहना गिनकर चलो द्वारिका को सानन्द;
सुभग सहायक कृष्णादिक-युत करो राज्य पाकर आनन्द।
तप्त अश्रु-जल बरसावेंगे यदुवर तब हो नयन विघूर्ण;
चिर वियोग पीछे मिलने पर होता प्रेम प्रकट परिपूर्ण।

(१३)

नव वय में ही कृश हो तप से कर स्रोतों का लघु पय पान;
क्यों भूधर पर बैठे हो तुम व्यर्थ त्यागकर अवधि-विधान।
यहाँ वृद्ध होकर ही क्षत्रिय निज जाया-युत रहते हैं;
वन-फल खाकर तपस्वियों-से शम-सुख में नित बहते हैं।

(१४)

दिग् नागों की सूँडें दलते कर विदीर्ण मघवा का मान;
नन्दन-वन से पारिजात को लाए थे हरि मोद-विधान।
युवा यादवों को उपवन में करता है जो मतवाला;
त्याग द्वारिका का उपवन वह पर्वत से क्या प्रेम पाला।

(१५)

प्रभो! आपका भव्य कलेवर था जो तप्त हेम-जैसा;
लता-पुञ्ज से परिवेष्टित हो लगता अब सुन्दर कैसा।
चपला-युत नीले नीरद की शोभा को करता निश्शेष;
मोर-मुकुट धर गोप कृष्ण-सी दिखलाकर नव छबि सविशेष।

(१६)

कण्टक-कीर्ण कहाँ भूधर यह मणिमय महल कहाँ रमणीय;
कहाँ कठिन तप कहाँ तुम्हारी देह-लता कोमल कमनीय।
इस कारण हित समझ-सोचकर मुझ अबला की अनुनय मान;
यक्षाधिप की दिशा ओर तुम धीरे-धीरे करो पयान।

(१७)

देखो पयद समय पा प्रमुदित मित्र मयूरों को करता;
प्रेयसियों से परिरम्भण-हित पथिकों का धीरज हरता।
विमुख नहीं कोई होता है मित्र-प्राप्ति का समय विचार;
इसका तो कहना ही क्या है जो इतना है उच्च-उदार।

(१८)

जैसे तुम भूपति थे पहले, उसी तरह से पुनः रहो;
पा करके साम्राज्य-सुखों को क्रीड़ा-रस में सतत बहो।
शीघ्र सफल कर लो यह यौवन समय-विहङ्गम चलता है;
श्रेष्ठ भाव उपकार दलों का इससे सत्वर फलता है।

(१९)

तुलना होती कहीं न जिसकी त्याग वही नगरी सुख धाम;
क्या कुछ कष्ट न पाते हो तुम इस गिरि पर रह आठों याम?
कनक वप्र पर जहाँ तुम्हारा शोभित है नीलम का सौध;
पाण्डु मध्य मेचक विलोक कर होता भू के कुच का बोध।

(२०)

देखो लख जिस बकावली को नभ में ले निःश्वास सशोक;
विवश हुए से घर जाते हैं तुमसे निर्मम भी वे रोक।
दामिनि-द्युति से नव जलधर में इन्दु चाप-युत उसे निहार;
होता ज्ञात यथा गज-तन पर रुचिर-पत्र-रचना-शृङ्गार।

(२१)

जब तुम राज्य रसायत पुर में बैठे दुख को हरते थे;
सभा मध्य तब मुदित हुए से यदुवर सेवा करते थे।
अब गिरि पर रहकर एकाकी करते हो तुम भारी भूल;
रीतापन लघुता का सूचक पूरापन गौरव का मूल।

(२२)

समाधिस्थ अवलोक आपको चाट आपके अवयव अंग;
शिशुओं-से ही खेल रहे हैं प्रभो अङ्क में अभय कुरङ्ग।
पर अब तुम्हें द्वारिका जाते लख करके घबरावेंगे;
आँखों से आँसू टपकाते यह मृग मार्ग दिखावेंगे।

(२३)

तजकर तुङ्ग शृङ्ग यह गिरि का वृद्ध राज्य पा भोगो भोग;
बन्धुवर्ग में सदा विनय-युत रहना ही है तुमको योग।
दीर्घ काल तक रम्य हर्म्यों में रह करके सादर सानन्द;
उत्कंठा से प्रिय सखियों के आलिंगन का लो आनन्द।

(२४)

वितरण करता कम्पित करके विकसित अर्जुन परिमल-गन्ध;
पथिक जनों को गृह जाने की उत्कंठा से करता अन्ध।
विरही जनों का हृदय-विदारक पयद पवन देगा सन्ताप;
जाने को उद्यत होवेंगे तब अपनी नगरी को आप।

(२५)

यदि तुम घर न चलोगे, तो हो सूखे सर-से महा मलीन;
जननी-जनक आपके औ मैं तीनों होंगे सुध-बुध हीन।
होवेगा उद्विग्न कलेवर ले-लेकर नीरव निःश्वास;
तब दशार्ण में अधिक न होगा सुभग राजहंसों का वास।

(२६)

जीव-त्राण ही धर्म गिनौं, तो स्वजनों का भी त्राण करो,
देवों द्वारा रची द्वारिका उसकी ओर प्रयाण करो।
वहाँ पास ही अम्बुधि-तट पर वेत्रवती की तुङ्ग तरङ्ग,
लहराती है ज्यों रमणी की वक्र हुई भ्रुकुटी का ढङ्ग।

(२७)

इस नग के नीचे प्रति पथ पर चल तुम देखोगे अभिराम;
कौस्तुभ-मणियों से चमकीला उज्ज्वल क्रीड़ा-शैल ललाम।
वनिताओं की नूपुर-ध्वनि से टपका रमण सरस सानन्द;
शिला-गृहों में जो बतलाया यदुवों को यौवन से अन्ध।

(२८)

विस्फुट विटपों से पा करके विविध सुमन-सौरभ सुख-धाम;
स्वागत से प्रमुदित हो लेना वहाँ वाटिका में विश्राम।
छाया से परिचय पा करके गंध हास्य जिनमें सविलास;
भीतर जाना मालिनियों के मुखाम्बुजों का कर सुविकास।

(२९)

मनसिज रसोल्लास लीला से वह अलसित अङ्गों वाली,
कठिन कुचोंवाली मालिनियाँ ललित-लोचनी मतवाली।
जिनके कर्ण-कमल पर होती लोलुप अलियों की गुञ्जार;
ठगे गए यदि देख उन्होंने कीन तनिक भ्रकुटी-सचार।

(३०)

सरस सुरत की इच्छुक-सी वह होगी तुम्हें देख अविलम्ब;
दिखलावेगी हाव-भाव सब तरु-शाखा का कर अवलम्ब।
बता मृगाक्षियें नाभी त्रिवली तथा कठिन कुच केश कलाप;
प्रायःप्रणय प्रकट करती है, करती नहीं प्रथम आलाप।

(३१)

न्याय-विशारद पुरुष न करते किसी काम में कभी विलम्ब,
इससे मैं अनुनय करती हूँ चलो द्वारिका को अविलम्ब।
लिया सजल-दृग हो तब माँ ने अनशन व्रत सह विषम वियोग;
वह दुखिया दुर्बलता त्यागे तुम्हें वही अब करना योग।

(३२)

विषम स्वर्ण रेखा के तट कर उस उद्यान निकट ही पार,
निज गृह जाना मार्ग मध्य वह वामनजी की पुरी निहार।
मानव-भोग भोगने सुमनस आये जहाँ त्रिदिव को त्याग;
लाए शेष पुण्य फल-सा वह अमर-लोक का भव्य विभाग।

(३३)

आलोडन करके शिप्रा को लेकर सरस स्पर्श का मोद;
मदोन्मत्त मारुत करता है वहाँ सतत विचरण सविनोद।
प्रियतम सा विदलित पट करके पोंछ वारत्रिय-तन-प्रस्वेद;
चाटुकार-सा क्षिप्रा वातुल हरता है रति-श्रम का खेद।

(३४)

मरकत-मणि के वहाँ स्तंभ हैं विद्रुम की देहली अभिराम
वासव की मणियों से विजड़ित अग्रभाग के हर्म्य ललाम।
उसकी मुक्तामयी मही पर करि-दल भी निखलाते हैं;
केवल पय तजकर पयोधि से उसमें सब गुण पाते हैं।

(३५)

पुरा काल में वामनजी ने साधा वहाँ तुमुल तप उग्र;
सभी लोक में व्याप्त हुए वे जिससे पाकर सिद्धि समग्र।
दानी मूढ़ दैत्यपति जिससे भेजा गया त्वरित पाताल;
आगन्तुक से मनुज वहाँ के कहते हैं प्रायः यह हाल।

(३६)

पहुँच वसी प्रख्यात पुरी को पा जन-चय से शुभ सत्कार;
श्रम हरना रह रम्य हर्म्य में हे नरवर तुम भले प्रकार।
बिछे चिह्न थे यावक-रस के शय्या पर उज्ज्वल प्रावार;
सूचित करते हैं वह मानो ललनाओं का निशाभिसार।

(३७)

कम्पित करता क्षिप्रा के तट खिले मालती के आराम;
बालाओं की जल-क्रीड़ा से हरता जल-सीकर सुख धाम।
वहाँ सुगन्धित शीत समीरण पोंछ तुम्हारा तन-प्रस्वेद;
सभी तरह से दूर करेगा मार्ग-क्रमण का सारा खेद।

(३८)

वहाँ उपास्य आपसे होंगे महादेव अति महिमावान;
मङ्गलमय विख्यात अनादी करुणामय वह दयानिधान।
दर्शन कर मन्दिर में उनके दृग कृतार्थ हो जावेंगे;
घन-रव सा सुनकर मृदङ्ग-रव नृत्य-समय सुख पावेंगे।

(३९)

तुम्हें मदन-से भी सुन्दर गिन सुन्दरियाँ होकर अनिमेष,
नील नीरजों से इस तन पर चित दे चंचल हो सविशेष।
वहाँ प्रात ही राजमार्ग में जाते लखकर अपने पास;
मधुप-पंक्ति-सी चले चितवन से छोड़ेगी वह कुटिल कटाक्ष।

(४०)

उसके उच्च गृहों पर लखते दिव्य रत्न के दीप अमूल्य;
प्रचुर प्रभा से जो करते हैं कुहु को भी राका के तुल्य।
शान्त नयन उद्वेग-रहित हो नभ-पथ से जाना तत्काल;
देखेगी तब मुदित हुई सी उमा तुम्हारी भक्ति विशाल।

(४१)

नागरिकों से लाए रथ पर बैठ वहाँ जब जाओगे,
दर्शनोत्सुका ग्राम-नारियों को तब पथ पर पाओगे।
तुम गिरती मणियों से उनको धन देते जाना हे धीर;
मेघ-गर्जना सी गर्जन कर उन्हें न करना अधिक अधीर।

(४२)

सुनकर तुम्हें मार्ग में आते यादववर केशव तत्काल,
स्वागतार्थ तव सकल सैन्य-सह भेजेंगे स्यन्दन सुविशाल।
मोदमना तव तात साथ में हर्ष सभी दिखलावेंगे;
सुहृदों के सत्कार प्रयोजन का महत्त्व सिखलावेंगे।

(४३)

आए सुन तुमको तोयधि-तट बलपुर से बलराम प्रधान,
मिलकर दें उपहार तुम्हें तो रखना वह सादर सम्मान।
स्वीकृत नहीं हुआ वह तुमसे यदि यह हो जावेगा ज्ञात,
तो फिर वहाँ उमड़ आवेगा वैर-वारि का प्रबल प्रताप।

(४४)

सफरी की किलोल से तरलित लखकर स्वच्छ स्फटिक-सा जल,
जलनिधि-तट जाना रथ बैठे जहाँ विचरती वीचि विमल
मानो पा नदियां-नवलाएँ हो कामी-सा उदधि अधीर,
उनकी मीन चटुल चितवन भी नहीं देखता है धर धीर।

(४५)

वहाँ वीचियों में देखोगे पूर्व कथित सरिता निर्मल,
जिसे तरङ्ग-करों से पकड़े रहता है नीरधि निश्चल।
मानो मुग्ध हुआ पीता वह उसकी मुख-मदिरा अम्ज्ञान;
स्वाद पड़े पर कौन तजेगा इस सौन्दर्य-सुरा का पान।

(४६)

जलधि-सलिल सीकर-कण हरता तुमुल तरङ्गों को झकझोर;
तट के कलित केतकी-दल को कम्पित करता गंध बटोर।
वन गूलर परिपक्व बनाता हुआ सुगंधित शीत समीर,
वहाँ मार्ग का श्रम हर करके तुम्हें करेगा स्वच्छ शरीर।

(४७)

फिर आगे जाना रत्नाकर-नामक निधि को तुम अवलोक।
जिससे कालकूट निकला था, काँप उठा था सारा लोक।
जल-तल में भी जग का दाहक रहता है वह तेज वहाँ।
रवि से भी बढ़कर रक्खा है पावक-मुख में जिसे जहाँ।

वहाँ किनारे के कानन में रहने वाले मञ्जु मयूर;
बोलें मृदु स्वर से लख तुमको नील जलद से आते दूर।
तो तुम निकट पहुंचकर करना दधि-गर्जन-सा शब्द विशाल;
गूँज उठे गिरि गह्वर जिससे नाच उठे केकी तत्काल।

(४६)

विपुल पुलिनवाली वह भद्रा आगे जा देखोगे तुम;
सहसा उसमें उच्च उर्मियाँ उठती रहती हैं हर दम।
वायु-विकम्पित उज्ज्वल जल से चन्द्र-कला-सा रूप-विकास;
रन्तिदेव की विमल कीर्ति उस चर्मवती से करती हास।

(५०)

जल निधि में जल मिलकर जिसका बढ़ा रहा है वेग अपार;
जाओगे उसमें रथस्थ ही यादवेन्द्र जब करने पार।
देखेंगे तब तरङ्गिणी को नभचर हो अपलक उस काल;
इन्द्र नीलमणि लिए मध्य में वसुन्धरा की मौक्तिक-माल।

(५१)

पार उतर उस पयस्विनी के पाना ईश पौर में स्थान;
देश-देश के जन-चय से हैं शोभित जिसकी रम्य दुकान।
उसके उच्च भवन छूते हैं शीश उठाकर नभ के गात्र,
बनते दशपुर ललना-लोचन लज्जित लालसा के शुभ पात्र।

(५२)

अनघ ! वहाँ नव-तृण-आच्छादित पङ्कित पथ पर जाओगे;
कलुषित सर करते जलधर को गगनाङ्गण में पाओगे।
जलज-मुखों पर जो करता है भीषण पय-धारा का पात;
जैसे पहले तुम करते थे रिपु-मुख पर शर का आघात।

(५३)

विविध रत्न-विजड़ित शिखरों का वह गिरि भव्य गंधमादन;
प्रियतम, तुमको दिखलावेगा सम्मुख आ आभामय तन।
अकलुष हृदय असित तन सब तुम उत्कंठित हो किसी प्रकार;
उसे मुग्ध हो अवलोकोगे नए दृश्य सा बारम्बार।

(५४)

विरूपाक्ष के वाम अङ्क में गौरी का स्वच्छन्द विहार;
देख जहाँ पर जाह्नवी ने बढ़ा दिया निज वेग अपार।
कृत्रिम हास्य प्रकट कर सहसा दिखा व्यंग का ढंग विशेष;
पकड़े वीचि-करों से उसने शंकर के हिमकर-युत केश।

(५५)

स्फटिक-सदृश सित शृङ्गों वाले उस नग पर जब जाओगे;
जल में मेघ-कान्ति-सी उसमें निज आभा झलकाओगे।
दृश्य वहाँ का सुन्दरतम तब अधिक सुशोभित होगा रम्य;
दिखलावेगा गंगा-जमुना-संगम की-सी छटा सुरम्य।

(५६)

सूर्यकान्त मणिमय शिखरों के वाम पार्श्व में जिस गिरि पर;
पके श्याम जामुन से तरुवर लगते हैं कैसे सुन्दर।
दर्पित हो निज शृंगों के बल जो धरणी धरता निश्शंक;
भव के उसी विशद वाहन के लगा शीश पर हो जो पङ्क।

(५७)

वहाँ आपको अनायास ही दीन बन्दिजन आए जान,
याचन करने को आवेंगे प्रथित कीर्ति का धर कर ध्यान।
उन्हें द्रव्य देकर कृतार्थ कर, कर देना पूरी अभिलाष;
प्रायः सज्जन सम्पत्ति पाकर हरते हैं दुखियों की त्रास।

(५८)

प्रतिध्वनि पर्वत की सुनकर क्रोध-दर्प से कर मुख लाल,
कीश-यूथ यदि सम्मुख दौड़े दाँत पीस कर शब्द कराल।
वीर-तुल्य तुम उन्हें भगाना कर दारुण ज्या की टङ्कार;
व्यर्थ काम में यत्नशील हो कौन नहीं जाता है हार।

(५९)

विबुध-वृन्द-वन्दित सेवित हैं जिनके पाद-पद्म अघहर;
रहते हैं उस अमल अद्रि पर भव-नायक भोला शङ्कर।
जिनके ध्यान मात्र से सहसा हो जाते है दुरित नाश;
शिवगण का स्थिर-पद पाने को करते भक्त अटल अभिलाष।

(६०)

नीप-गन्ध से मुग्ध मत्त हो वहाँ गूँजते मधुर मलिन्द;
वेणु क्वणित-सी मृदु तानें ले नाचा करते केकी-वृन्द।
तव पयान से वहाँ बजे यदि श्रवण-सौख्यकर मधुर मृदंग;
तो ताण्डव-रत हर को आवे गायन का पूरा रस रंग।

(६१)

फिर तुम पथ चलते देखोगे इन्द्र नील-मणि-चय-सा भव्य;
बड़े-बड़े शिखरों वाला वह वेणु नाम का नगवर दिव्य।
बलि-बन्धन में रत वामन के लम्बे मेचक चरण-समान;
नव-जलधर सा विस्तृत हो जो बना रहा नभ को छविमान।

(६२)

उस शुचि गिरिवर से दक्षिण के सभी ग्राम करने पर पार;
दीख पड़ेंगे निज नगरी के उज्ज्वल मणिमय महल अपार।
जो प्रकोट से ऊँचे उठकर विशद विभा से अम्बर घेर;
सभी ओर से छवि पाते ज्यों भव के अट्टहास का ढेर।

(६३)

कमल कान्तिमय उन हर्म्यों के सित शिखरों पर आ क्षण-भर
स्निग्ध नील-नव-नीरद कैसे होते हैं शोभित सुन्दर।
हो जाता अवलोकनीय है उनका वह मनहर आकार,
यथा गौर बलराम स्कन्ध पर छवि पाता नीला प्रावार।

(६४)

नगर निकट ही वहाँ बाग में यादव-केलि-शैल पाकर;
गोमति-जल अवलोकन करते रुकना तुम उस जाकर।
व्योम-मार्ग में चढ़ा हयों को पहुंच वहाँ श्रम करने-हेतु;
प्रेम मग्न हो प्रथम बनाना मणि तट पर चढ़ने का सेतु।

(६५)

वहाँ मुहुर्त-भर बैठ शान्त हो सुनना तुक-श्रीहरि-यश गान;
किन्नरियाँ गाती हैं जिसको श्रवण-सौख्यकर ले मृदु तान।
दधि कम्पित कर, घोर शब्द कर हय टापों से बारम्बार,
फिर उन चञ्चल किन्नरियों को कर देना भयभीत अपार।

(६६)

फिर तुम उस गिरिवर पर जाना जहाँ महकती अर्जुन-गन्ध
खिली केतकी और जाति पर मधुर गूँजते मत्त मलिन्द।
नृत्य-निरत केकी की कूकें वहाँ विपिन में मन हरतीं,
विविध रूप धर वारिद-माला भूमि-भाग शोभित करती।

(६७)

उत्सुक हो हर्षातिरेक से माधवादि यादव मय सभ्य,
उस नगरी से निकल आयेंगे समझ आप आगमन अलभ्य।
जल टपकाते जलधर रहते गृह-शिखरों पर जो इस काल;
जैसे रमणी-शीश सुहाते मुक्ता-मण्डित अलक विशाल।

(६८)

विमल कीर्ति-सम प्रखर प्रभामय शाश्वत ज्योत्स्ना से अभिराम
शुभ्र सुधा से विशद वर्ण के गगन-स्पर्शी धाम ललाम।
द्युतिमय रत्न-दीप से सहसा तिमिर-जाल करके निश्शेष;
सभी भांति वह आप सदृश ही रखते गुण-गौरव सविशेष।

(६९)

दुष्ट दैत्य- कुल- नाश- हेतु श्रीकृष्णचन्द्र के रह कर संग;
तुमुल समर में शौर्य दिखाकर लेते जो रण का रस रंग।
बड़े-- बड़े विख्यात वीरवर वहाँ निरन्तर रहते हैं;
चन्द्र हास- व्रण से शोभित हो सुयश सिन्धु में बहते हैं।

(७०)

वहाँ नहीं तनु को छूता है रक्षक श्रीहरि- भय से रोग;
तथा मृत्यु भय सुना न जाता रहते हैं सब लोग निरोग।
दानी, धनी, मोद-युत सन्तत काम-केलि-सुख लहते हैं,
मानो जरठ नहीं होते हैं, सदा तरुण ही रहते हैं।

(७१)

कुब्ज-माल धर कण्ठ देश- में मृग-मद से शोभित कर भाल;
तथा नीप-केतकी-कुसुम से सज्जित कर कुञ्चित कच-जाल।
कर्ण-मध्य धारण कर लेगी विशद जाति के सुरभित फूल,
वहाँ आपके शुभागमन को सुन्दरियाँ गिनकर सुख-मूल।

(७२)

वहां आपके शुभ प्रवेश से नर्तकियाँ पा हर्षोल्लास;
मनोमुग्धकारी युवकों का रचकर सुभग ताल पर लास।
नृत्य-कला-कौशल दिखला कर रसिकों को देंगी आह्लाद;
तुम जैसे गम्भीर घोष के पुष्कर का कर मधुर निनाद।

(७३)

वहाँ ग्रीष्म में वर वनितायें रहकर नवयुवकों के संग;
विवश हुई सी मदन-विह्वला करती क्रीड़ा सरस अभंग।
आतप के श्रम से जब तनु पर आते उमड़ बिन्दु प्रस्वेद,
शशि-किरणों से चन्द्रकान्त-मणि टपका जल हरते श्रम-स्वेद।

(७४)

निशा-समय क्रीड़ा भवनों में धूप धूम से कर विस्तार;
जहाँ जमा देता है पहले अंधकार आतङ्क अपार।
रत्नदीप रखती जब रमणी तब विछिन्न हो किसी प्रकार;
निकल जालियों से जाता है धूम तुल्य ही घर आकार।

(७५)

शयन-मन्दिरों में जलते हैं वहां रात्रि में द्युतिमय दीप;
लज्जित मुग्धायें झुक जाती निज सखियों को देख समीप।
सुखद सुगन्धमयी कुंकुम को भर मुट्ठी में बारम्बार;
प्रेम-अंध हो प्रियतम उन पर फेंका करते हैं निस्सार।

(७६)

वहाँ रसिक हलधरादि यादव लेकर वेश्यायें छविमान,
मधुर मृदंग बजा जो करतीं अमल आपका शुभ-यश-गान।
मधु-ऋतु में सुन करके सहसा कोकिल-कलरव सौख्यनिधान;
बाहर के उद्यान-मध्य जा मोद मनाते कर मधु पान।

(७७)

वहाँ सतत पीते कमलों का मधु रस रुचिर रमणियों संग,
रखतीं जो मदनातिरेक से अपने सारे अलसित अंग।
साँझ समय जा उच्च छतों पर कीर्तिमान यादव सानन्द;
चा चन्द्रिका मे लेते हैं शरद-शर्वरी का आनन्द।

(७८)

कुंकुम के लेपन से शोभित करती जो आतप में अङ्ग;
तथा तुहिन में धारण करती भांति भांति के वस्त्र सुरंग।
देव-दुर्लभा वे कन्यायें शरद्-समय रति-मद हरतीं;
वहाँ गोमती-तट छाया में मणियों से खेला करतीं।

(७९)

वहाँ कृष्ण के सुखद सदन में लगा कल्प-पादप है एक;
मरुत्मान ने जिसे दिया था करते हुए प्रेम-अभिषेक।
विविध विभूषण सुमन-सुवासित,सूक्ष्म व्यजन दे मनोऽनुसार
करता है जो कामनियों के कान्त कलेवर का शृंगार।

(८०)

वहाँ कुटिल कुलटा कामिनियों के गीले कुंकुम पद-चित्र,
चन्द्रकान्त-मणिमय मही पर शोभित होते हुए विचित्र।
शिशिर-प्रकम्पित पतित हुए कच कुच से कान्त कुसुम के हार;
सूर्योदय पर बतलाते हैं विभावरी का गोप्य विहार।

(८१)

निरुद्ध जान रक्षक श्रीहरि को हर की निपट त्याग कर शंक,
मदन वहां विचरा करता है, हो नितान्त निर्भय निश्शंक।
वक्र भ्रुकुटि के चपल चाप पर चंचल चितवन का रख बाण,
चतुर रमणियाँ मोहित करतीं निर्मोही के निर्मम प्राण।

(८२)

वहाँ आप रथ में बैठ ही यदुपति कृष्णचन्द्र के साथ,
पुर प्रवेश प्राचीन द्वार से करके करना उसे सनाथ।
बाल अशोक जहाँ लेता है तोरण की शोभा का भार,
हस्त प्राप्य पुष्पों से लदकर झुका दूसरा नव मन्दार।

(८३)

अवलोकन कर उड़ते चामर श्वेत छत्र शोभा का मूल,
वायु-विकम्पित काश-कुसुम गिन अथवा अमल कमल के फूल।
पुरवासी सारे जानेंगे आया सुखद 'शरद शुभ काल,
और आपके प्रिय दर्शन से होंगे अतिशय मुदित मराल।

(८४)

आवेंगे जब राज मार्ग में वहां नन्द-नन्दन तव सङ्ग,
चन्दन-चर्चित पीताम्बर से शोभित होगा उनका अङ्ग ।
यहाँ निकट नग के विलोक कर दामिनि-युत जलधर सुविशाल;
दृश्य वहां का मुझे यहां पर दीख रहा मानों इस काल ।

(८५)

ग्राम-ग्राम में रेवति-पति के किए महोत्सव से सुख मान;
हर्षित हो वे उभय करेंगे राजमार्ग में वहां पयान ।
एक पिला उच्छिष्ट सुरा को रमता सौ सुन्दरियों-सङ्ग
तथा दूसरा निज दारा में रखता सच्चा स्नेह अभङ्ग ।

(८६)

विस्तृत तोरण की सुखमा-युत सौध-श्रेणी लखकर साह्लाद,
फिर तुम अवलोकोगे अपना चमकीला मणिमय प्रासाद ।
देते हैं आह्लाद जहां पर जलधर अपना डेरा डाल;
सुहृद तुम्हारा नीलकण्ठ भी वहां बैठता सायंकाल ।

(८७)

प्रथम तात गुरु भ्रात जनों से नमस्कार कर सादर आप;
फिर करुणाकर सदन मञ्च पर जा हरना उसका सन्ताप ।
बिना आपके दीख रहा जो छविमय होकर भी छवि-हीन;
हो जाता दिननाथ बिना ज्यों सुन्दर शतदल महा मलीन ।

(८८)

यों अनुनय करने पर भी उस नृप-कन्या से रहे विरक्त,
मुक्तिमयी कान्ता से सहसा नेमिनाथजी थे अनुरक्त ।
तब समीप ही गिरि पर बैठा वहां अश्रु-जल मेघ सशोक;
जुगनू-से चमकते चंचला चक्षु खोलकर उन्हें विलोक ।

(८९)

नेमिनाथ से बोल उठा यों अहो मित्र ! तजकर यह शृङ्ग;
जाओ-जाओ अब अपने घर इस विनीत बाला के संग ।
मुदित करो अपनी आली को कर पूरी इसकी अभिलाष,
रमणी-रचना में विरञ्चि के कौशल का जो प्रथम विकास ।

(६०)

सुभग, तुम्हारे अधिकार से यह कोमल कन्या हो दीन;
विवश हुई-सी विरहानल में जलती जाती हो छवि-हीन।
सूख गया है कमल-कलेवर मुख-सरोज है पत्र-विहीन;
उस पद्मिनी-समान हुई है जिसे तुहिन ने किया मलीन।

(६१)

कोमल कर से आलिंगन के सुख की तब आली को चाह;
बिना तुम्हारे विषम वह्नि-सी बढ़कर देती दाह अथाह।
आतप की कुमुदिनी-तुल्य मुख इसका स्मित शोभा से हीन;
क्षीण चन्द्र-सम कृश लख तुमको दु सह दुख पा होता द न।

(६२)

जनक-हर्म्य में जब यह निशि में शय्या पर थी निद्रा-लीन;
सत्वर कहा चले हैं स्वामिन्, कहती जाग पड़ी हो द न।
तब हम बोले, जिसका तनु तू नयनों से न देख पाई;
प्रियतम की प्यारी रसिके ! क्या उसकी तुझे याद आई।

(६३)

दुःख छिपी सखियों के सम्मुख वीणा ले करती थी गान;
पर विस्मृत-सी हो जाती थी सहसा करके उसका ध्यान।
प्रथम निकाली गई मींड जो दोहरा करके बारम्बार;
लज्जित-सी हो र जाती थी आकुल-व्याकुल किसी प्रकार।

(६४)

वहां तुम्हारी प्राप्ति हेतु यह-सभी ओर से चित्त समेट;
सुरभित सुमन सदा करती थी श्रीसौभाग्यदेवि की भेंट।
दैवज्ञों में गूढ़ प्रश्न कर करती थी बातें सविनोद;
बहुधा विरह-काल में होता वनिताओं का यही विनोद।

(६५)

परिणय-समय इसे तजकर तुम चले जब गिरी ऊपर;
विरहाकुल होकर तब इसने माला झट पटकी भू पर।
तत्क्षण निज कर से फिर इसने बाँधी थी जो वेणी एक;
विषम गाल पर पड़ी हुई को सरकाती है बार अनेक।

(९६)

बिना तुम्हारे दुःखित-सी यह सभी भाँति से हुई निराश,
निन्द्राहत हो पड़ी भूमि पर लेती थी निशि मे निश्श्वास।
सत्र पुराण गीत का वर्णित कहकर विविध ज्ञान-उपदेश;
वातायन पर बैठी सखियाँ हर न सकी थीं इसका क्लेश।

(९७)

कौतूहल-वर्धक बातों से या नव-गीतों से उस कान्त;
सदा शवरी रही बिताती यह मृदु तकियों पर धर गाल।
अथवा कोमल शय्या पर सो जिसे बिताई क्षण-सम जान;
अश्रु बहाकर उस विभावरी को मान रही शत वर्ष-समान।

(९८)

मोह-मग्न जग को विलोक यह रूप तुम्हारा करके याद;
तत्क्षण ध्यान तुम्हारा धरकर मानस-मन्दिर में सविषाद।
पुनः निरखती वहाँ भीत पर चित्र तुम्हारा अति सुकुमार;
पर असफल-सी रह जाती थी अविरल बहा अश्रु की धार।

(९९)

मनसिज-शर से खिन्न-चित्त यह करती कभी नयन निज बद,
कभी खोल दृग देखा करती क्षितिज छोर को हो निष्पन्द।
नवल मृदुल पल्लव शय्या पर पड़ी-पड़ी दुःखित होती;
साभ्र दिवस मे ज्यों सरोजिनी नहीं जागती या सोती।

(१००)

फिर निज जननी के कहने पर जान गई जब सारा हाल,
निशि में उसी दशा में कंचुकी मेरे संग भेजा तत्काल।
जैसा कह रहा रघुवर, यह सब सत्य-सत्य है बात;
उसे यहाँ प्रत्यक्ष देखकर सत्वर तुमको होगा ज्ञात।

(१०१)

वहां तुम्हारी मृगनयनी की शोचनीय स्थिति को अवलोक;
प्रात सखी ने इसकी माँ से वर्णन की सब दशा सशोक।
तनया का दुख सुनकर उसके बह निकला नयनों से नीर;
आर्द्र-हृदय यों दुःख श्रवण कर हो जाता है अधिक अधीर।

(१०२)

इसे बुलाकर यों बोली वह निर्दय ने तुझको छोड़ा;
भद्रे! दुःख उठा वहाँ उसने क्यों सुख से है मुख मोड़ा।
लोल लाल तव युगल विलोचन अश्रु गिरते दिखलाते;
सफरी की किल्लोल से कम्पित अरुणाम्बुज-सी छवि पाते।

(१०३)

तेरे युगल मृदुल भुज सुन्दर हैं अन्तर के तप से क्षीण,
मृदु मृणाल-जैसे ग्रीष्म में हो जाते हैं शोभा-हीन।
सुन्दर रसमय कदलि स्तंभ-सा तथा दूसरा ऊरु उज्ज्वल;
विरहानल के उष्ण अनिल से झुलसाकर होता चंचल।

१०४

वत्से! स्वच्छ सदा रह अब तू अपने मन से शोक विसार;
सावधान हो सम्भाषण कर मुझ दुखिया पर दया विचार।
होना होता तो हो जाता तब परिणय उससे उस काल;
पर अब कठिन कण्ठ में उसके पड़ना तेरे बाहु-मृणाल।

(१०५)

गोदों में रख मृदु वचनों से माँ के समझाने पर भी;
यह कृश होती गई न त्यागा वह मानस-दुख क्षण-भर भी।
कोमलांगि अब तनु न त्याग दे, इससे तुम जाकर हे धीर;
सत्वर मान रखो मानिनी का विनत वचन कहकर गम्भीर।

(१०६)

जननी की शत शिक्षाओं की अवहेला कर, करके शोक;
लटें खोलती सखियों के कर अपने पाणि-पद्म से रोक।
गद्गद हो अस्पष्ट स्वरों में सम्भाषण करके सविषाद;
पहुँचाया इसने उन सबके अन्तस्तल मे विषम विषाद।

(१०७)

सुभग तुम्हारे समाचार हित इसने कहकर सारा हाल;
पहले वृद्ध विप्र भेजा था रैवतगिरिवर पर उस काल।
तुम्हें कुशल सुन उसके द्वारा हुआ इसे क्षण-भर सन्तोष;
समाचार प्रिय का देता है मिलने से कुछ ही कम तोष।

(१०८)

बिना तुम्हारे दुःखित-सी यह कनक सदन में रहकर म्लान;
बड़े कष्ट से काट रही थी प्रति बासर को वर्ष-समान।
किन्तु कुशल सुशल सुनते ही तुमको इसके उन संकल्पों संग;
वाम भाग्य के होने पर भी चपल चित्त में उठी उमंग।

(१०९)

फिर पितु-अनुशासन पाकर यह गिरि पर यहाँ हमारे साथ;
प्राणनाथ के चरण-शरण में होने आई आज सनाथ।
निर्दय मार विषम विशिखों से छेद रहा इसका हृद्धाम;
अभय दान दे इसे बचाओ पहला यही तुम्हारा काम।

(११०)

"यदि तुम हो धर्मज्ञ, मुझे तो इस प्रकार क्यों करते त्यक्त;
मैं दुखिनी सहचरी तुम्हारी एक चित्तवाली अनुरक्त।"
उत्कंठा से पद्य बनाकर कहलाती मेरे मुख से;
मुझ पर कृपा करो हे यदुपति, इसको स्वीकारो सुख से।

(१११)

गिरि दुर्लंघ्य चंचल अचला दधि गम्भीर अनल द्युतिमान;
रूप रमायुत मकरध्वज को लख करके लावण्य-निधान।
नरवर! इसकी शील-बुद्धि लख कहता हूँ मैं सत्य सही;
इसके सर्व गुणों की समता एक जगह है कहीं नहीं।

(११२)

इसे त्यागकर इधर शैल पर आ जब तुमने लिया विराग;
इधर गगन में घुमड़ घनों ने किया विश्व को सरस सराग।
दिनकर को ढँककर फैलाया मनसिज का मायामय जाल;
इसे कल्प सा ज्ञात हुआ तब दुखदायक यह पावस काल।

(११३)

किसी भाँति जब अर्धरात्रि में निद्रा नयनों में भरती;
तुम्हें स्वप्न में देख उपस्थित कहने की इच्छा करती।
मानो तब होने को जाते मेरे पूर्व पाप कुछ शान्त,
किन्तु हमारा स्वप्न-मिलन भी देख न सकता क्रूर कृतान्त।

(११४)

कर न सका वह रूप रमा से नाथ तुम्हारे तप को भंग,
उसी वैर वश मुझ अबला पर छोड़ रहा शर क्रुद्ध अनंग।
इससे रजनी में तरुओं के कोमल किसलय-आसन पर,
मम विलोचनों से गिरते हैं मोती से आँसू सुन्दर।

(११५)

बरसाया नीरदमाला ने इस नग के नीपों पर नीर;
यादवेन्द्र उसको चुपके से चोर चोर कर धीर समीर।
शीतल होकर बना हुआ है मन्मथ के खर विशिख-समान,
पर उससे मैं भेंट रही हूँ लगा आपके तनु से जान।

(११६)

इसे सोचकर करुणा करके हो प्रसन्न मुझ पर हे कान्त;
सुधा-तुल्य तव अंग-संग से कर दो मेरे तनु को शान्त।
तव वियोग के विषमातप से तपकर हो लावण्य-विहीन
केवल प्राण धारता है जो आश्रयहत-सा दीन-मलीन।

(११७)

अवधि-रहित तव विषम विरह से जिस तनु ने भोगा दुख भोग;
वही अंग अब चिर सुख भोगे पा करके तनु-शुभ-संयोग।
विगत जन्म के कर्म-विटप का फल पाता प्राणी इस काल;
नीची-ऊँची दशा घूमती जैसे चक्रनेमि की चाल।

(११८)

बढ़ा बढ़ाकर राग अत्यधिक होकर मिलनातुर अत्यन्त;
किसी तरह से दुखद दशा सम किया यहां प्रावृट का अन्त।
प्रियतम अब अपने घर चलकर कर इच्छित आमोद-प्रमोद,
शरद-निशा की सित ज्योत्स्ना में करें सौख्यप्रद विविध विनोद।

(११९)

सफल वाक्य यह इसका कर दो इसे संग ले जा आवास;
करो प्रसन्न इसे फिर सत्वर करके नित नव-नव सुविलास।
पहले रजनी में शय्या पर यह मोहान्ध हुई बोली;
रमा अन्य से तुझे स्वप्न में देखा मैंने अरे छली।

(१२०)

तुमसे मिलने को व्याकुल हो नृप कन्या यह बारम्बार,
गद्गद होकर गमन-हेतु तब त्वरा कर रही किसी प्रकार।
कभी नहीं होता प्रणयी के मन से प्रणय-भाव का ह्रास;
प्राय: विरह काल में होता सरस स्नेह का अधिक विकास।

(१२१)

दु:सह स्मर-शर से जर्जर इस कन्या पर करुणा लाओ;
यदुपति मोदमयी बातें कर सत्वर निज गृह ले जाओ।
मृदु वचनों से आश्वासन दे स्नेह-सलिल को सरसाओ;
प्राय: कुन्द-कुसुम-सा कोमल इसका जीवन विकसाओ।

(१२२)

जगतीतल पर महज्जनों के लक्षण हैं जब यह विख्यात,
अधिक और तब मैं इसके हित विनय करूँ क्यों तुमसे नाथ।
बड़े स्नेह वश नहीं बोलते याचक इसे जानते हैं;
प्रार्थी की अभिलाष-पूर्ति ही उत्तर श्रेष्ठ मानते है।

(१२३)

सत्वर निज पुर जा त्रिलोक का अतुल राज्य पा भले प्रकार;
सुखी करो गुरुजन-परिजन को विमल कीर्ति का कर विस्तार।
वर्षा में घन से चपला का रहता ज्यों सन्तत संयोग;
उसी तरह ही कभी आपसे राजमती का हो न वियोग।

(१२४)

वह विरक्त अपनी आली पर अनुनय सुन करुणा लाया,
उस अनुगता सती बाला को मर्म धर्म का समझाया।
मुक्ति-प्राप्ति-हित उसे योग दे रक्खा अविरत अपने साथ,
साधु जनों से सदा प्रार्थि को उत्तम फल आता है हाथ।

(१२५)

शैल-शिखर पर नेमिनाथ को मिला योग से केवल ज्ञान,
सुर-नर-नाग मुदित हो उनका करने लगे सरस स्तव गान।
श्रीकाशी में राजमती से छुड़वाकर नश्वर भव-भोग;
करा दिया उसका अविनाशी सुख से सन्तत शुभ संयोग।

(१२६)

कवि-कुल-भूषण कालिदास के मेघदूत का अन्तिम पाद;
कौशल से ले राजमती के दुख को दरसाया सविषाद।
सांगण सुत विक्रम ने श्री मन्नेमिचरित चित्रण रने;
सुन्दर काव्य बनाया है यह मनीषियों का मन हरने।

———०———

अनुवादक--प्रशस्तिः

(१२७)

मेदपाट भू के अन्तर्गत दुर्ग एक अत्यन्त ललाम;
चर्मण्वती नदी-तट गिरि पर भैंसरोड़गढ़ जिसका नाम।
किया यहाँ पर 'हिम्मत' ने यह संस्कृत से भाषा अनुवाद;
काव्य-रसिक पढ़ करके इसको लेवें काव्य कला का स्वाद।